3. नगर में रहने वाला - नागरिक

4. जिसके पास धन हो - धनवान

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

पाठ-21 : मैं और मेरा देश

(क) 1. दंड 2. हीनता 3. प्रतिष्ठा 4. प्लेटफार्म 5. संस्कृति।

(ख) 1. (ब) 2. (ब) 3. (अ)

(ग) 1. ✓ 2. ✗ 3. ✓

(घ) 1. रेलवे स्टेशन पर फल न मिल सकने पर स्वामी रामतीर्थ ने कहा कि जापान में शायद अच्छे फल नहीं मिलते। 2. उसने सोचा कि स्वामी जी अपने देश में जाकर यह न कह दें कि जापान में अच्छे फल नहीं मिलते। इससे देश की बदनामी हो जाती। 3. देश के नागरिक देश के सम्मान को बचाने व बढ़ाने का कार्य करते हैं, तो देश का सम्मान बढ़ता है। यदि वे भ्रष्टता व अशिष्टता में लिप्त रहते हैं, तो देश के सम्मान को आघात पहुँचता है। देश के लोग अपने घर, दफ्तर, गली, होटलों, धर्मशालाओं जीनों के कोनों व अन्य सार्वजनिक स्थानों को गंदा रखते हैं। विदेशी पर्यटकों, महमानों से अशिष्टता का व्यवहार करते है। इससे देश के सम्मान को आघात पहुँचता है। यदि सभी स्थानों पर साफ-सफाई व विदेशी पर्यटकों व मेहमानों के साथ शिष्टता का व्यवहार करते हैं, तो देश का सम्मान बढ़ता है।

भाषा-बोध

(क) 1. दूरदर्शी 2. जिज्ञासा 3. दयालु 4. न्यायप्रिय 5. प्रेमी

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

पाठ-22 : गणतंत्र दिवस समारोह

(क) 1. राष्ट्रपति 2. लालकिले 3. सलामी 4. संविधान 5. पर्व।

(ख) 1. ✓ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✗ 5. ✓

(ग) 1.(स) 2.(स) 3.(अ) 4.(अ)

(घ) 1. गणतंत्र दिवस की परेड विजय चौक से प्रारंभ होती है तथा राष्ट्रपति उसकी सलामी लेते हैं। 2. गणतंत्र दिवस परेड में सेना की चुनी हुई टुकड़ियाँ अपने-अपने कमांडरों के नेतृत्व में मार्च करती हैं। इनके अतिरिक्ति सेना के टैंक व बख्तरबंद गाड़ियाँ भाग लेती हैं। पुलिस, सीमा सुरक्षाबल, एन.सी.सी. तथा स्कूलों के बच्चे भी परेड में भाग लेते हैं। 3. यह परेड विजय चौक से चलकर राष्ट्रपति द्वारा सलामी मंच पर पहुँचकर तिरंगा फहराने से होती है और परेड के अंत में वायुसेना के लड़ाकू विमान उड़ान भरकर राष्ट्रपति को सलामी देते हैं। वे आकाश में राष्ट्रध्वज के तीनों रंगों के धुएँ छोड़कर राष्ट्रध्वज बनाते हुए अपने-अपने ठिकानों पर चले जाते हैं। 4. 26 जनवरी, 1930 ई० को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में भारत की पूर्ण आजादी का प्रस्ताव पास हुआ था। इसी कारण जब स्वतंत्र भारत का संविधान तैयार हो गया, तो उसे 26 जनवरी, 1950 को लागू करके भारत को गणंत्रत घोषित किया गया। तभी से इस तिथि को भारत का गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। 5. भारत के लगभग हर राज्य की ओर से एक झाँकी परेड में भाग लेने के लिए तैयार करके भेजी जाती है। ये झाँकियाँ हमारे देश की विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को प्रदर्शित करती हैं। यही नहीं, ये भारत के विभिन्न क्षेत्रों के रीति-रिवाज, खान-पान, पहनावे तथा लोक-नृत्य आदि भी प्रदर्शित करती हैं।

भाषा-बोध

(क) 1. जा रहे हैं 2. सलामी लेते हैं 3. आते हैं।

(ख) 1. दिवस (पुल्लिंग) 2. वाणी (स्त्रीलिंग) 3. रात्रि (स्त्रीलिंग) 4. पिताजी (पुल्लिंग) 5. टैंक (पुल्लिंग) 6. गिरिजा (स्त्रीलिंग)

(ग) 1. राष्ट्रपति <u>की</u> सवारी 2. भारत <u>का</u> संविधान 3. सेना <u>के</u> अधिकारी 4. परेड़ <u>की</u> सलामी 5. देश <u>का</u> सम्मान 6. सेना <u>की</u> टुकड़ियाँ 7. वीरता <u>का</u> पुरुस्कार। 8. अंगरक्षकों <u>के</u> घोड़े।

आओं सीखें : स्वयं कीजिए।

अराध्या हिंदी-6

पाठ-1 : इतने ऊँचे उठो

(क) स्वयं कीजिए। **(ख)** 1. ब 2. स 3. ब 4. अ

(ग) अति लघु : 1. तुच्छ भावनाओं से 2. जाति, धर्म, रंग-रूप का भेद 3. निरंतर आगे बढ़ने का चिंतन 4. प्रतिपल आगे बढ़ना

लघु उत्तरीय : 1. जाति, धर्म, वेश, रंग के भेदभाव को मिटाना है। 2. जग की ज्वालाओं को अपनी ठंडक से बुझाने की सीख लेनी चाहिए। 3. कि हम तुच्छ बातों और भावनाओं से ऊपर उठें। 4. शीतलता की प्रेरणा मलय पवन से, गतिशीलता की प्रेरणा परिवर्तन से, सुन्दरता की प्रेरणा आकर्षण से और मौलिकता की प्रेरणा सृजन से मिलती है। 5. स्वर्ग 6. यहाँ पूर्ण सुख, सौन्दर्य व प्रेम की स्थापना करना। 7. कि यद्यपि स्वर्ग की बातें अभी कल्पना ही हैं किन्तु इस कल्पना को सच कर दिखाना मानव का कर्तव्य है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. कवि चाहता है कि मनुष्य निरंतर अपने चरित्र और व्यक्तित्व को महान बनाए। वह पूरे विश्व के लिए समता व बंधुत्व का भाव रखे और जाति, रंग व देश की तुच्छ सीमाओं का बंदी न बने। इन तुच्छ विभाजनों से जलती मनुष्य जाति को सुगंधित पवन की तरह शीतलता प्रदान करे। 2. हमें अपने अतीत के रीति-रिवाजों को बिना सोचे-समझे दोहराते नहीं जाना चाहिए बल्कि उनमें से केवल उपयोगी बातों को ही ग्रहण करना चाहिए। पुराने से चिपटने का मोह घातक है। प्रतिपल गतिमान नदी की धारा के समान आगे बढ़ते रहना ही सच्चा जीवन है। 3. मनुष्य का लक्ष्य होना चाहिए कि वह इसी धरती पर ऐसा वातावरण बना दे कि वह स्वर्ग तुल्य बन जाए अर्थात धरती पर किसी प्रकार का दुख न रहे और सुख, सौन्दर्य तथा शांति व प्रेम का प्रसार हो। धरती को अपना मनचाहा रूप प्रदान करने मे मनुष्य को सतत प्रयास करते रहना चाहिए।

भाषा-बोध

(क) 1. शांतिपूर्वक- सभा शांतिपूर्वक समाप्त हो गई। 2. उत्सुकतापूर्वक - पुत्र के विदेश से लौटने का माता-पिता उत्सुकतापूर्वक इन्तजार कर रहे थे। 3. उत्तेजनापूर्ण- उत्तेजनापूर्ण भाषण सुनकर जनता भड़क गई। 4. गौरवपूर्ण - भारत का इतिहास गौरवपूर्ण है। 5. भावपूर्ण - महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि पर प्रधानमंत्री ने भावपूर्ण श्रद्धाजलि प्रकट की।

(ख) 1. हवा, वायु, समीर 2. भू, पृथ्वी, भूमि 3. अंबर, गगन, आसमान

(ग) 2. ऐतिहासिक 3. सामाजिक 4. दैनिक 5. भोगौलिक 6. औपचारिक 7. ऐच्छिक 8. जैविक

(घ) 1. अज्ञान 2. असंतोष 3. अशांति 4. अपमान

2. नादान दोस्त

(क) 1. केशव 2. बच्चे 3. चेहरे 4. पाप

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✗

(ग) 1. (अ) 2. (स) 3. (ब)

(घ) अति लघु : 1. चिड़ा और चिड़िया को देखने के लिए 2. अंडे देखने के लिए 3. ताकि चिड़िया को दाना लाने बाहर न जाना जड़े 4. अंडों पर टोकरी से आड़ कर दी।

लघु उत्तरीय : 1. वे सोचते थे कि चिड़िया बच्चों का पालन-पोषण किस प्रकार करेगी। 2. केशव के स्पर्श पर चिड़िया ने अंडे नहीं सेके और नीचे गिरा दिए जिससे वे टूट गए। 3. अंडे टूटे हुए देखकर केशव के चेहरे का रंग उड़ गया। 4. केशव द्वारा चिड़िया के अंडों के साथ छेड़छाड़ करने पर माँ केशव पर क्रोधित हुई।

दीर्घ उत्तरीय : 1. केशव ने श्यामा को अंडे न दिखाए थे। उसे इस बात का डर था कि कहीं श्यामा इस बात से नाराज होकर माँ को न बता दे। उधर श्यामा ने यह बात किसी से न कही। उसे डर था कि इससे भैया की पिटाई हो जाएगी। केशव का दिल काँप रहा था कि कहीं श्यामा कह न दे। वह श्यामा पर विश्वास नहीं कर पा रहा था। श्यामा भातृप्रेम के कारण चुप थी अथवा इस कसूर में भागीदार होने की वजह से माँ को बता न पा रही थी, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता था। शायद दोनों ही बातें रही हों।

2. केशव का व्यवहार श्यामा व संपूर्ण घटनाओं के प्रति नेतृत्व करने वाले का रहा है। वह श्यामा पर इस प्रकार हुक्म चलाता है कि वह बड़ा ज्ञानी है, सभी बातों का पूर्ण जानकार है; जबकि श्यामा उससे प्रश्न पूछकर संतुष्ट हो जाती है और उसके कहे अनुसार सहायता करती रहती है। दोनों की सभी चेष्टाएँ बाल सुलभ हैं और प्राय: भाई बहनों में देखने को मिलती हैं जहाँ भाई बड़ा होता है और बहन छोटी तथा दोनों

की उम्र में अंतर भी इतना ही होता है जितना केशव व श्यामा की उम्र में।

भाषा-बोध

(क) 1. यह (विशेषण) 2. यह (सर्वनाम) 3. यह (विशेषण)

(ख) 1. प्रत्यक्ष 2. मूक 3. जिज्ञासु

(ग) 1. सँकरा - चौड़ा 2. सुखद - दुखद

3. उत्कृष्ट - निकृष्ट 4. आगमन - प्रस्थान

5. प्रशिक्षित - अप्रशिक्षित 6. अनुज - अग्रज

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

3. अहंकारी राजा

(क) 1. शूरवीर 2. रत 3. दान-पुण्य 4. सन्मार्ग 5. सन्यासियों

(ख) 1. ✓ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✓ 5. ✗

(ग) 1. द 2. य 3. अ 4. ब 5. स

(घ) 1. ब 2. ब 3. अ 4. ब 5. स

(ङ) अति लघु : 1. राजगढ़ का 2. एक यशस्वी राजा थे। 3. नहीं दान-पुण्य से उसका लेशमात्र भी नाता था।

लघु उत्तरीय : 1. राजा रणवीर सिंह शूरवीर था परंतु प्रजा की भलाई के लिए कुछ नहीं करता था। 2. प्रजा बहुत दुखी थी। 3. राजा ने अहंकार के कारण संयासियों का अपमान करके निकाल दिया।

दीर्घ उत्तरीय : 1. राजा को कुछ ही क्षण में नरक के दर्शन करा दिये 2. राजा ने अपनी जीवन शैली बदल दी वह प्रजा की भलाई में ही रहने लगा।

भाष-बोध

(क) 1. चालाकी 2. देवत्व 3. अच्छाई 4. पुरूषत्व 5. हार 6. मुस्कुराहट 7. नारीत्व 8. शत्रुता

(ख) 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा 2. जातिवाचक संज्ञा 3. जातिवाचक संज्ञा 4. जातिवाचक संज्ञा 5. जातिवाचक संज्ञा

(ग) विशेषण- 1. पक्की 2. घनी 3. खाली 4. शीतल 5. यशस्वी 6. उचित 7. सुखी 8. अनुचित

विशेष्य- 1. सड़कें 2. छाया 3. हाथ 4. जल 5. राजा 6. बात 7. लोग 8. विचार

(घ) 1. चीखना 2. प्रकट 3. चलना 4. समझना 5. अहंकार था।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए

4. स्वावलंबन

(क) 1. भोला 2. पलंग 3. हैप्पी 4. शहतीर

(ख) 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✗

(ग) 1. ब 2. ब 3. अ

(घ) अति लघु : 1. हैप्पी 2. भोला-सा 3. चितकबरा

लघु उत्तरीय : 1. तेज दौड़ना, ऊपर उछलना, फेंकी गई वस्तु उठाकर लाना, व्यक्ति व वस्तुओं की पहचान करना आदि। 2. घोंसला टूटा पड़ा था। 3. सूखे तिनके एकत्र करके, कुछ टहनियाँ लाकर तार से घोंसले का साँचा बनाकर।

दीर्घ उत्तरीय : 1. क्योंकि चिड़िया ने आकर दीपू का बनाया हुआ घोंसला तोड़ दिया था। 2. कि जब नन्हीं चिड़िया भी अपना काम अपने आप करती है तो मैं भी अपना अधिकतर काम अपने आप ही करूँगा।

भाषा-बोध

(क) 1. वर्तमानकाल 2. भविष्यकाल 3. भूतकाल 4. वर्तमानकाल 5. भूतकाल

(ख) 1. माता, जननी, अम्बा 2. कूकर, कुक्कुर, शुनक 3. खग, विहग, पंछी

(ग) 1. टोकरे 2. टोकरियाँ 3. घोंसले 4. गलतियाँ 5. तिनके 6. टहनियाँ

आआ सीखें : स्वयं कीजिए।

5. ठुकरा दो या प्यार करो

(क) 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓

(ख) 1. (अ) 2. (ब) 3. (ब)

(ग) अति लघु : 1. सुभद्रा कुमारी चौहान। 2. ईश्वर की आराधना के लिए केवल सच्चे प्रेम-भाव की आवश्यकता है न की बाहरी आडम्बरों की।

लघु उत्तरीय: 1. स्वयं को कहा है क्योंकि वह भाव रूप में स्वयं को ही भगवान को अर्पण कर रही है।

2. भाव भरा हृदय दिखाने और चढ़ाने आई है।

3. कवयित्री भाव भरे हृदय को देव को अर्पित करती हुई कहती है कि उसके पास यही है, चाहो तो स्वीकार करो अथवा ठुकरा दो, परंतु यह वस्तु देव की ही है।

दीर्घ उत्तरीय: 1. वास्तव में कवयित्री भावपूर्ण हृदय को पूजा-सामग्री में सर्वोपरि मानती है और यही अर्पित करती है। वह स्वयं को भी यह कहते हुए समर्पित करती है कि पूजा, पुजापा, दान-दक्षिणा सब कुछ वह स्वयं ही है। भक्त सदैव याचक बने रहते हैं, सो स्वयं को भिखारिन बताते हुए हाथों से रिक्त है

परंतु पूजा की सामग्री भावपूर्ण हृदय है। 2. कवयित्री ईश्वरप्रेम में पागल है। उसे ईश्वर प्रेम के अतिरिक्त कुछ नहीं सूझता। उसके लिए जीवन में कुछ भी कहने-करने योग्य नहीं, बस एक ही धुन सवार है, प्रभुमिलन की। यही कारण है कि वह स्वयं में भाव की उच्चता में भरकर उन्मत्त हो गई है। वास्तव में प्रेमविह्व भक्तों की यही दशा होती है, वे उन्मत्त हो जाते हैं, प्रेमी (प्रभु) के स्मरण में ही खोए रहते हैं।

भाषा-बोध

(क) 1. माधुर्य–कर्कशता 2. साहस–कायरता 3. गुण–दोष 4. धैर्य–अधैर्य 5. बहुमूल्य–मूल्यहीन 6. चातुर्य– मूर्खता

(ख) 1. पूजा (संज्ञा) 2. देव (संज्ञा) 3. बहुमूल्य (विशेषण) 4. उपासक (संज्ञा) 5. गरीबनी (विशेषण) 6. चातुर्य (विशेषण) 7. वाणी (संज्ञा) 8. सेवा (संज्ञा) 9. पुजापा (संज्ञा)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

6. पुस्तकें जो अमर हैं

(क) 1. पांडुलिपियाँ 2. लकड़ी 3. राज्य 4. शत्रुओं। **(ख)** 1. ✗ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✓ 5. ✓

(ग) 1. (अ) 2. (ब) 3. (ब) 4. (ब)

(घ) अति लघु : 1. चीनी सम्राट 2. पुस्तकें पढ़ने के कारण 3. पुस्तकें नष्ट करने का 4. मनुष्य की चतुराई, अनुभव, ज्ञान, भावना, कल्पना और दूरदर्शिता।

लघु उत्तरीय : 1. पुस्तकें फिर से लकड़ी के कुंदों के रूप में प्रकट हो गई थीं। 2. आक्रमणकारी की दलील यह थी कि यदि इन ग्रंथों में वह नहीं लिखा है जो उसके धर्म की पवित्र पुस्तक में लिखा है, तो उन्हें पढ़ने की कोई ज़रूरत नहीं; और अंत में पुस्तकें वही कहती हैं, जो उसके पवित्र ग्रंथ ने पहले ही कह रखा है, तो उन पुस्तकों को रखने का कोई लाभ नहीं। 3. सपने में उसने देखा कि विश्वविद्यालय का सुंदर भवन कहीं गायब हो गया है और वहाँ शिक्षकों और विद्यार्थियों के स्थान पर भैंसें बँधी हुई हैं।

दीर्घ उत्तरीय : 1. भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है। प्राचीन काल से ही भारतीय भाषाओं जिनमें संस्कृत प्रमुख है, में ज्ञान को लिपिबद्ध करते रहने की परंपरा रही। इस प्रकार निरंतर साहित्य की रचना होती रही। भारत के कोने-कोने से कवियों और विद्वानों ने संस्कृत के जरिए ही भारतीय साहित्य का भंडार भरा। प्राचीन भारत का दर्शन तथा विज्ञान दूर-दूर के देशों तक फैला। हिमालय पर्वत और गहरे सागरों को पार करके भारतीय साहित्य दूर देशों तक पहुँचा और अपनी महानता से विदेशियों को परिचित करवाया।

2. कागज़ ही जलता है शब्द तो उड़ जाते हैं। ज्ञान तो ज्ञानवान में सदा ही विद्यमान रहता है। वह जितना विचारता है खोजता है, उतने ही उन्नत विचारों का संग्रह कर लेता है। पुस्तकें तो कागज़ का रूप होती हैं, सो नष्ट हो जाती हैं; परंतु जिन लोगों ने उनसे ज्ञान प्राप्त कर लिया अथवा सूचनाएँ, जानकारियाँ प्राप्त कर लीं, वे भावरूपी शब्द तो नष्ट नहीं होते, वे तो उड़कर उन लोगों के मस्तिष्क में एकत्र हुए ही रहते हैं, जो उनके लेखक अथवा पाठक रहे हैं।

भाषा-बोध

(क) 1. सरल (सरलता) 2. सादा (सादगी) 3. अच्छा (अच्छाई) 4. सज्जन (सज्जनता) 5. नौकर (नौकरी) 6. मित्र (मित्रता)

(ख) 1. बहुत कम 2. अधिक 3. बाईं ओर 4. बाहर 5. पहले **(ग)** 1. ये 2. ये 3. उस 4. उस 5. वे 6. वे

(घ) 1. (ब) 2. (स) 3. (अ) 4. (ब) 5. (ब)

(ङ) अतीत–भारत का अतीत उसकी महान संस्कृति का उद्घोषक रहा है।

दूरदर्शी–दूरदर्शी आने वाले समय में होने वाली घटनाओं को ध्यान में रखकर क्रियाएँ करता है।

दूरदर्शिता–सफल व्यक्ति वही है जिसकी दूरदर्शिता से सभी लाभान्वित हों।

आक्रमणकारी–आक्रमणकारी का कार्य है दुर्बल को सताना और उन पर आद्यिपत्य स्थापित कर लेना।

अनुभव–ज्ञान अनुभव से ही प्राप्त होता है।

कल्पना–आलसी लोग केवल कल्पना ही करते रहते हैं जबकि कर्मठ लोग कल्पना को साकार कर लेते हैं।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

7. विचार-विवेक

(क) 1. चरित्र 2. बुराई 3. प्रिय, अप्रिय 4. सुख 5. प्रतिकूलता **(ख)** 1. ✓2. ✗ 3. ✗ 4. ✓ 5. ✓

(ग) 1. (स) 2. (स) 3. (स) 4. (ब) 5. (अ)

(घ) अति लघु : 1. जीवन को उन्नत और श्रेष्ठ बनाना 2. सत्य पर 3. सत्य की महिमा 4. विद्याभ्यास छोड़ना पड़ेगा 5. कड़ी मेहनत 6. जिनके

गलत अभ्यास व गलत आदतें बन जाती हैं उन्हें अनुकूलता में प्रतिकूलता दिखाई देती है।

लघु उत्तरीय : 1. समुद्र का खारा जल आकाश में उन्नत होकर अमृत-तुल्य जीवनप्रद बनता है। 2. जिसका जीवन मधुर है, उस का मरण भी मधुर रहता है। 3. सुख देने वाली वस्तु अच्छी और दुख देने वाली वस्तु बुरी लगती है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. विद्वान का बल वाणी और मूर्ख का बल मौन है। वास्तव में यदि विद्वान मौन रहेगा, तो उसका ज्ञान प्रकट न हो सकेगा। बोलकर, वाणी के द्वारा ही वह ज्ञान की विभिन्न शाखाओं का प्रकटीकरण कर सकता है। कोयल और कौए का भेद बोलने पर ही प्रकट होता है। गुरु वाणी के द्वारा ही शिष्यों तक अपनी बात, अपना मत व शास्त्र-संदेश प्रेषित कर पाते हैं परंतु यदि कोई मूर्ख है तो मूर्खता की ही बातें बोलेगा, सो उसका मौन रहना ही श्रेयस्कर होगा।

2. जिनके गलत अभ्यास व गलत आदतें बन जाती हैं, उन्हें अनुकूलताएँ भी प्रतिकूलताएँ लगती हैं। मदिरापान करने वाले को दूध कहाँ प्रिय होगा? किसी मछुआरे को पुष्पों की सुगंध प्रिय न लगेगी। सूअर को गंदगी का अभ्यास है, वह स्वच्छ स्थान पर नहीं बैठ सकता वास्तव में जिनके अभ्यास गलत हो जाएँ, वे उन्हीं में अनुकूलता पाने लगते हैं।

3. मनुष्य का अपने जीवन को उन्नत और श्रेष्ठ बनाना ही चरित्र है। समुद्र का खारा जल आकाश में उन्नत होकर अमृत-तुल्य जीवनप्रद बनता है, परंतु उस स्थिति में पहुँचाने के लिए जिस प्रकार सूर्य के प्रकाश और उष्णता की आवश्यकता है, वैसे मनुष्य के चरित्र-निर्माण के लिए ज्ञान और पवित्रता आवश्यक हैं। इन दोनों की प्राप्ति स्वाध्याय से होती है। उन्नत चरित्र ही सद्‌गुणी शक्तियों के चालक होते हैं। इसलिए चरित्र निर्माण निरंतर होता रहे, यह महती आवश्यकता है।

भाषा-बोध

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. कौन - प्रश्नवाचक 2. स्वयं - निजवाचक 3. जो-सो - संबंधवाचक 4. ये - संकेतवाचक 5. कुछ - अनिश्चयवाचक

(ग) 1. जो 2. तुम, वे 3. तुझे, कोई 4. आप, जिसकी, कुछ 5. मेरा-तेरा

(घ) 1. **उष्ण**=गरम। 2. **बल** = ताकत। 3. **अनुकूल** = इच्छानुरूप। 4. **श्रेष्ठ** = उत्तम। 5.**अभिलाषा** = इच्छा। 6. **जगत** = संसार। 7. उचित 8. **प्रकाश** = रोशनी। 9. **सतत्** = निरंतर।

(ङ) 1. चोरी, बेईमानी, चोरबाजारी, घूसखोरी, डकैती, ठगी, लूट वस्तुओं में मिलावट आदि चरित्र को भ्रष्ट करने वाले सारे अपराधों का मूल लोभ ही है। 2. शारीरिक हो या मानसिक, सभी प्रकार के अभाव मनुष्य के संतुलित विकास में बाधक हैं। अभावों में पलने वाले बच्चे बड़े होने पर भीरू बने रहते हैं। उनमें न बुद्धि रह जाती है, न स्फूर्ति और न प्रेरणा।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

8. हिमालय की एक घटना

(क) 1. पहाड़ 2. धूप 3. कँपा 4. रस्सियों 5. बहुत

(ख) 1. ✗ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✗ 5. ✓ **(ग)** 1. (स) 2. (ब) 3. (ब) 4. (स)

(घ) अति लघु : 1. 1916 ई० में, दिल्ली में 2. श्रीनगर की घाटी में 3. पहला अनुभव

लघु उत्तरीय : 1. जोजी-ला घाटी की चोटी से उन्होंने देखा, तो एक तरफ नीचे पहाड़ों की घनी हरियाली थी और दूसरी तरफ कड़ी नग्न चट्टान।

2. सब कुछ बहुत मनोरम था और दूर की वस्तुएँ वास्तविक दूरी से कम पर प्रतीत होती थी।

3. हिम सरोवर उनकी ओर इस प्रकार बह रहे थे मानो रंग रहे हों और उनसे मिलने आ रहे हों।

दीर्घ उत्तरीय : 1. बर्फीले पहाड़ों पर बड़ा धोखा था क्योंकि वहाँ दरारे बहुत-सी थीं और ताजी गिरने वाली बर्फ खतरनाक दरारों को ढक देती थी। इस नई बर्फ पर ज्योंहि नेहरू जी का पैर पड़ा, वह नीचे खिसक गई और वे धम्म से मुँह बाए हुए एक विशाल दरार में जा गिरे यह दरार इतनी बड़ी थी और कोई भी चीज उसमें हजारों वर्षों तक सुरक्षित रह सकती थी। यह उनके दिल को कँपा देने वाला अनुभव था। 2. निर्जन घाटियों में बहते ग्लेशियर, स्वच्छ हवा, तेज धूप प्रकृति का सूनापन, नंगी चट्टाने, सुंदर फूल, प्रकृति की संपूर्ण सुषमा ने उन्हें अजीब-सा संतोष प्रदान किया। उन्होंने लिखा है कि मेरे उत्साह और उमंग का ठिकाना न था। आगे वे बताते हैं कि लगातार बारह घंटे चढ़ते रहने पर उन्हें एक विशाल हिम-सरोवर और उसके चारों ओर बर्फ से ढकी हुई पर्वत चोटियाँ दिखाई दीं जो ऐसी प्रतीत होती थी मानों देवताओं का मुकुट अथवा

अर्धचंद्र हो। 3. ऊँची पहाड़ियों में भयानक रपटीली दरारें और स्वयं के साथ हुए हादसे ने उनके सामने अनेक प्रकार की कठिनाइयाँ उत्पन्न कर दी थी। हादसे से सभी घबरा गए थे। आगे के मार्ग में दरारों की तादाद और उनकी चौड़ाई और भी बढ़ गई थी जिनमें से कुछ को पार करने के साधन भी उन लोगों के पास न थे। इसलिए वे लोग थके-माँदे हताश हो लौट लाए और इस प्रकार अमरनाथ की गुफा अनदेखी ही रह गई।

भाषा-बोध

(क) 1. पहाड़ (पुल्लिंग) 2. दर्रा (पुल्लिंग) 3. घाटी (स्त्रीलिंग) 4. ग्लेशियर (पुल्लिंग) 5. सरोवर (पुल्लिंग) 6. तंबू (पुल्लिंग) 7. गुफा (स्त्रीलिंग) 8. गड़रिया (पुल्लिंग) 9. धूप (स्त्रीलिंग) 10. बर्फ (स्त्रीलिंग) 11. नाला (पुल्लिंग) 12. आँधियारा (पुल्लिंग) **(ख)** स्वयं कीजिए।

(ग) 1. **हमारी** (विशेषण) **मुश्किलें** (संज्ञा)

2. **धीरे-धीरे** (क्रिया विशेषण)

3. **सँकरी** (विशेषण)

4. **अमरनाथ** (संज्ञा) **यहाँ** (क्रियाविशेषण)

5. **हवा** (संज्ञा)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

9. वीरों की पूजा

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✗

(ग) 1. (ब) 2. (ब) 3. (स)

(घ) अति लघु : 1. संयासी को 2. चित्तौड को 3. संयासी की

लघु उत्तरीय : 1. चित्तौड़ वीरों और वीरांगनाओं की भूमि है जिसे वह पवित्र तीर्थ मानता है, इसलिए वहाँ जाना चाहता है। 2. पथिक उत्तर देता है कि मुझे गंगा सागर, रामेश्वर या काशी नहीं जाना है, मेरी आँखें तो तीर्थराज चित्तौड़ को देखने के लिए प्यासी हैं।

3. कवि उस मार्ग में कोई तीर्थ नहीं देखता जिधर पथिक जा रहा है, इसलिए पूछता है कि क्या पथिक अपना मार्ग भूल गया है।

4. चित्तौड़ वीरों की भूमि है, तीर्थ मानकर संन्यासी वहाँ वीरों की पूजा करने जा रहा है। अतः कविता का शीर्षक 'वीरों की पूजा' उचित ही है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. कवि ने चित्तौड़ को वीरों की भूमि बताया है। उसने चित्तौड़ की वीरांगनाओं के जौहर-व्रत का उल्लेख किया है। चित्तौड़ की भूमि सदा से ही अपनी आन-बान शान की रक्षा के लिए शत्रुओं से लोहा लेती रही है। वीर भूमि की स्वतंत्रता के लिए स्वयं को बलिदान करना यहाँ के जन-जन की विशेषता रही है। 2. इस भूमि के लोग शत्रुओं की ललकार सुनकर तलवारें लेकर उनसे युद्ध करने के लिए निकल पड़ते थे। यहाँ की स्त्रियाँ अपनी मर्यादा की रक्षा के लिए जौहर व्रत करके जलती हुई चिताओं में अपने शरीर की आहुति दे देती थीं। यहाँ वीर जवानों की गर्वीली आवाज में मातृभूमि की जय-जयकार सुनाई देती थी। यहाँ के लोगों ने कभी परतंत्रता को नहीं स्वीकारा। इन सब कारणों से चित्तौड़ को वीरों की भूमि कहा जाता है।

भाषा-बोध

(क) 1. ईश्वरभक्त 2. अवर्णनीय 3. निराकार 4. सदाचारी 5. दुर्भावना

(ख) 1. फूल (पुल्लिंग) 2. दुर्ग (पुल्लिंग) 3. टोली (स्त्रीलिंग) 4. तलवार (स्त्रीलिंग) 5. माला (स्त्रीलिंग) 6. पीतांबर (पुल्लिंग)

(ग) 1. जो **स्वतंत्र** है, वही विकास कर सकता है। 2. **स्वतंत्रता** सभी को प्रिय है। 3. पर्वत अपने **अचल** रूप में जाने जाते हैं। 4. पराक्रम व्यक्ति को **गर्वित** किए बिना नहीं छोडता। 5. भक्तजन देव की पूजा हेतु **माला-फूल** लेकर जाते हैं।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

10. गिरवन के सिंह

(क) 1. बीस 2. तीन मीटर 3. गिरवन 4. नाहर

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✗ 5. ✓

(ग) 1. (ब) 2. (अ) 3. (स)

(घ) अति लघु : 1. जहाँ प्राणी बंद बाड़ों में नहीं बल्कि खुले और प्राकृतिक वातावरण में निर्भय और बरोक-टोक आजादी से घूम सकते हैं। ऐसे विशेष क्षेत्रों को **राष्ट्रीय प्राणी उद्यान** नाम दिया गया है। 2. वन्य प्राणियों को लुप्त होने से बचाने के लिए 3. सिंह, बाघ, चीता

लघु उत्तरीय : 1. पहला गिरवन का विश्व प्रसिद्ध होना व दूसरा सिंह का जंगल का राजा होना। 2. जूनागढ़ आदि से गिरवन तक पर्यटकों के लिए बसें चलती हैं। जिनके द्वारा वहाँ पहुँचा जा सकता है। 3. गिरवन का अनुकूल वातावरण सिंहों के रहन-सहन में मौजमस्ती की उपलब्धता बनाए रखता है। 4.

पास-पड़ौस के गाँव वाले उन्हें विषयुक्त आहार देकर मार डालते थे। 5. चुस्त, चतुर, शक्तिशाली और निडर होने के कारण सिंह को वनराज कहा जाता है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. सिंह पहले उत्तरी भारत में काफी बड़े क्षेत्र तक और दक्षिण में नर्मदा नदी तक पाए जाते थे, परंतु अब ये गुजरात के सौराष्ट्र के गिरवन क्षेत्र में ही रह गए हैं। पश्चिमी भारत का यह स्थल पहले भूतपूर्व जूनागढ़ रियासत के शासकों का प्रसिद्ध आखेट स्थल था। शिकारियों की हवस, सिर और खाल के शोक वनों की कटाई, आबादी की बढ़ोत्तरी, खेती के लिए भूमि के अधिकाधिक उपयोग आदि के कारणों से सिंह विनाश की अवस्था में पहुँच गए हैं। 2. सिंह अपनी रोबीली आकृति, शांत एवं गंभीर प्रकृति, राजसी शान वाली चाल और गर्जना के कारण अद्‌भुत है। इसकी तुलना अन्य किसी प्राणी से नहीं की जा सकती। इसके गले में कैंसर (अपाल) इसकी खास पहचान है परंतु गुच्छेदार पूँछ नर और मादा दोनों की होती है। शरीर बिना धब्बों को मटमैले बादामी रंग का यानी भूरापन लिए होता है। सिंह विड़ाल कुल का प्राणी है। इसके मुड़े हुए और पैने पंख माँस की मुलायम गद्दियों के अंदर ढ़के तथा सिमटे होते हैं, जिन्हें आवश्यकतानुसार यह बाहर निकाल लेता है और दाँतों के साथ मिलकर शिकार पकड़ने में मदद करते हैं। शरीर लचीला और फुर्तीला होता है। इसके जबड़े और मांसपेशियाँ इतनी मजबूत होती हैं कि यह भैंसे तक को मुँह में दबाकर आसानी से ले जा सकता है। जीभ की कड़ी कलियों की सहायता से यह हड्डी से मांस को रेती की तरह छील सकता है।

3. गिरवन एक अनोखा, आकर्षक और दर्शनीय स्थान है और ऐसा शरण वन दुनिया में और कहीं नहीं है। यह पूरा घना जंगल नहीं बल्कि अर्धबंजर भूमि का विस्तृत भू-भाग है। इस वन को सिंह अभयारण्य में बदलने वाली परियोजना सन् 1972 में शुरु हुई। एशियाई सिंह का यह शरण स्थल 1295 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में किस्म-किस्म के पतझड़ी वृक्षों और कँटीली झाड़ियों वाले सूखे तथा खुले जंगल के रूप में फैला हुआ है।

भाषा-बोध

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. **गिरनार** – संज्ञा 2. **कैमरे** – संज्ञा

(ग) वन – जंगल, अरण्य, कानन

सिंह – शेर, केहरी, मृगेश।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

11. उठो, दरवाजा खोल दो

(क) 1. शिराओं 2. कच्चा 3. भटक 4. असावधान 5. अंधेरे **(ख)** 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✓ 5. ✗

(ग) 1. (स) 2. (ब) 3. (ब) 4. (ब) 5. (अ)

(घ) अति लघु : 1. प्रकाश ने 2. किरण ने 3. प्रकाश ने 4. किरण ने

लघु उत्तरीय : 1. प्रकाश कमरे में अंधकार की उपस्थिति में नकारात्मक विचारों से दो-चार हो रहा है। 2. सारा कमरा रोशनी से भर उठता है।

3. हमने अपने दामन में खुशियों के स्थान पर, उसमें तोहमतें, घृणा, द्वेष और अलगाव की आग भर ली है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. लोग क्षणिक अनुकूल परिस्थितियों को ही सुख मान बैठते हैं। प्रकाश के अनुसार वास्तव में सुख की खोज में वे नरक की ओर मुड़ गए हैं, जिस दामन को खुशियों से, फूलों से भरना था, उसमें भर ली है। जमाने भर तोमतें, घृणा, द्वेष, और अलगाव की आग। वह स्थायी सुख की खोज में क्षणिक सुख प्राप्त कर पुनः दुख की छाया में चला जाता है।

2. वास्तविक प्रकाशरूपी सुख सकारात्मक विचारों, द्वारा, चितंन, द्वारा प्राप्त हो जाता है। उसे भीतर से प्राप्त करना होता है। उसे विचारों को उन्मत करते हुए पाया जाता है। उसे निराशा को तजकर पाया जाता है। वास्तविक प्रकाश ज्ञान का प्रकाश है जो सुख को स्थायित्व की ओर ले जाता है। उसे प्राप्त करने के लिए विचारों को चितंन की प्रक्रिया से ऊँचा उठाकर कठिनाइयों का मार्ग खोजा जाता है।

3. प्रकाश की अनुपस्थित में अंधकार का साम्राज्य फैल जाता है। बाह्य प्रकाश की प्राप्ति के लिए जिस प्रकार खिलाडियों और दरवाजों को खोलना पड़ता है, उसी प्रकार भीतरी प्रकाश को पाने के लिए चितंन के सकारात्मक विचारों के द्वारों को खोलना होता है। इससे ज्ञानरूपी प्रकाश भीतर स्थान प्राप्त कर लेता है और अज्ञानरूपी अंधकार को वहाँ से पलायन करना होता है।

भाषा-बोध

(क) 1. (अ) 2. (द) 3. (स)

(ख) स्वयं कीजिए।

आओ सीखे : स्वयं कीजिए।

12. परस्पर वैर का कुफल

(क) 1. तृण 2. स्वाभाविक 3. परिवार 4. यमुनादत्त **(ख)** 1. ✓2. ✗ 3. ✓ 4. ✗

(ग) 1. (अ) 2. (स) 3. (ब) 4. (स)

(घ) अति लघु : 1. गंगदत्त को प्रियदर्शन (सर्प) के भोजन की चिंता होने लगी। 2. सर्प 3. प्रियदर्शन को देखकर गंगदत्त ने सोचा क्यों न इससे अपने शत्रुओं का विनाश करवा दूँ।

लघु उत्तरीय : 1. गंगदत्त ने विनती की कि वह उसके शत्रुओं का विनाश कर दे। 2. प्रियदर्शन ने गंगदत्त के सभी शत्रुओं का विनाश कर डाला।

3. कुएँ में गंगदत्त के परिजनों के अतिरिक्त सभी मेढ़कों को वह खा चुका था इसलिए उदरपूर्ति हेतु गंगदत्त के परिजनों की बारी आई। 4. गंगदत्त बहाना करके कुएँ से बाहर आया और अपनी जान बचाई।

दीर्घ उत्तरीय 1. पैर में गड़े काँटे को किसी दूसरे काँटे से ही निकाला जा सकता है। कहानी में इसका अभिप्राय है कि शत्रु को ही साधन बनाकर उससे निकट के शत्रु का विनाश करवा डालना। गंगदत्त के बंधु-बांधव उसके शत्रु बने बैठे थे। वे उसे चुभे हुए काँटे की तरह पीड़ा दे रहे थे। गंगदत्त का सर्प भी शत्रु था परंतु उसने सर्प रूपी काँटे के बल पर निकटतम शत्रु बंधु-बांधवों का विनाश करवाकर इस उक्ति का चरितार्थ किया।

2. प्रियदर्शन ने गंगदत्त को कुलांगार अर्थात् कुल का विनाश करने वाला माना क्योंकि वह उसके द्वारा कुल का विनाश करवाना चाहता था। इसी प्रकार गंगदत्त की पत्नी ने उसे कुलक्षयकारक माना। गंगदत्त द्वारा प्रियदर्शन को कुएँ में लेकर आने के फलस्वरूप ही उसका पुत्र यमुनादत्त काल का विनाश हुआ और गंगदत्त का कुल समाप्त हो गया। उसका पुत्र, बंधु-बांधव सब मारे गए।

भाषा-बोध

(क) स्वयं कीजिए। **(ख)** स्वयं कीजिए।

(ग) 1. व्याकुलता (संज्ञा) 2. शत्रु (संज्ञा) 3. सुख (संज्ञा) 4. व्याकुल (विशेषण) 5. दुख (संज्ञा) 6. बलवान (विशेषण)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

13. सूर के पद

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. ✓2. ✓ 3. ✗ 4. ✓ 5. ✗

(ग) 1. (स) 2. (अ) 3. (ब) 4. (ब) 5. (स) 6. (अ)

(घ) अति लघु : 1. वन जाकर अपने हाथ से फल तोड़कर खाना चाहते थे। 2. अपने मित्रों के साथ 3. यशोदा को भय है कि कृष्ण छोटे है, वह थक जाएँगे।

लघु उत्तरीय : 1. वे कहते हैं कि हे माता तू नंद बाबा व बड़े से कह देना कि वे डरें नहीं, मैं सभी ग्वालों के साथ बंशीवट के नीचे ही खोलकर सुख पाऊँगा 2. कृष्ण को कंस तथा अन्य बैरियों का वध करना हैं, इसलिए वे जल्दी से बड़े हो जाना चाहते हैं। 3. दूध, दही, घी, मक्खन व जो भी रूचिकर हो, माता यशोदा उसे खाने को दें।

दीर्घ उत्तरीय : 1. श्रीकृष्ण के मन में कंस पर विजय पाने की अभिलाषा थी। कंस ने उनके माता-पिता को कारागार में बंदी बनाया हुआ था ऐसी आकाशवाणी हुई थी कि कंस की मृत्यु देवकी की आठवी संतान के हाथों थी। कृष्ण देवकी की आठवीं संतान थे। कंस उनका शत्रु था और येन-केन-प्रकार उनकी मृत्यु का उपाय खोजता रहता था, परंतु उनका बाल भी बाँका न हुआ था। कंस अत्याचारी राजा था, सो इन सब कारणों से कृष्ण को उस पर विजय पाने की अभिलाषा थी।

2. (अ) कृष्ण द्वारा गाय चराने जाने की बालहठ देखकर यशोदा माता उन्हें समझाते हुए कहती हैं कि तुम्हारे छोटे-छोटें पैर हैं, वन में कैसे चल पाओगे? आते-आते थकान चढ़ जाएगी। (ब) वन में दिन भर घूमते-घूमते तुम्हारा यह कमल जैसा कोमल मुख (शरीर) कुम्हला जाएगा (स) श्री कृष्ण माता से कहते हैं कि हे माता! मुझे बड़ा कर दो। मैं दूध, दही, और घी, मक्खन और मेवा जो कुछ भी माँगू, मुझे वही दे दिया करों। 3. सूरदास जी कृष्ण की बाल-लीला का वर्णन करते हुए कहते है। श्रीकृष्ण माता से कहते हैं- हें माँ! मैं गायें चराने जाऊँगा। नंद महर मुझे जाने से रोकते हैं, तू उन्हें समझा देना कि अब मैं बड़ा हो गया हूँ। वन में तनिक डरूँगा नहीं। डरने की बात क्या है, मैं तो रैता, पैता, मना, मनसुख

और बलराम के साथ रहूँगा। वन में जाएँगे, वंशीवट के नीचे पहुँचेंगे, वहाँ ग्वालों के साथ खेलते हुए मैं बहुत सुख पाऊँगा। हे माता! मुझे भोजन के लिए भात दे दे, काँवड़ में दही दे दे जब भूख लगेगी खा लूँगा। हे माता! यमुना का जल साथी है, यदि मैं नहाऊँ, तो इसी की सौगंध है।

भाषा-बोध

(क) 1. बदन (शरीर) 2. कछु (कुछ) 3. तनक (छोटा) 4. तुम्हरौ (तुम्हारा) 5. पछारौ (पछाड़ूँ) 6. सौं (सौगंध) 7. गाई (गाय) 8. बड़ी (बड़ा) 9. माखन (मक्खन)।

(ख) 1. **कमल** -जलज, नीरज, पंकज। 2. **वृक्ष** - पेड़, पादप, तरु।

(ग) 1. **बैरी** = शत्रु। 2. **तट** = किनारा। 3. **स्वामी** = मालिक, प्रभु। 4. **घृत** = घी। 5. **साँझ** = सायंकाल। 6. **कर** = हाथ। 7. **सबल** = बलशाली। 8. **सदा** = हमेशा। 9. **पग** = पैर

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

14. नृत्यांगना सुधाचंद्रन

(क) 1. शारीरिक 2. मद्रास 3. दायीं

(ख) 1. ✗2. ✓ 3. ✓

(ग) 1. (स) 2. (ब) 3. (ब)

(घ) अति लघु : 1. पाँच वर्ष 2. कला सदन 3. डॉ० सेठी

लघु उत्तरीय : 1. उनकी इच्छा थी कि उनकी पुत्री राष्ट्रीय ख्याति की नृत्यांगना बने।

2. एक दुर्घटना में उसकी बाऐं पाँव की हड्डी टूट गई और दायाँ पाँव बुरी तरी जख्मी हो गया।

दीर्घ उत्तरीय : 1. जहाँ उम्मीद की कोई किरण न दिखाई दे और सब कुछ होना असंभव ही प्रतीत हो, वहाँ किसी विशेषज्ञ द्वारा यह कहना कि प्रयास करो तो सब कुछ संभव है, आशा की किरण को जगाने का कार्य करता है। परिस्थितियाँ अनुकूल हों तो अधिक प्रयास की भी आवश्यकता नहीं होती परंतु परिस्थितियाँ अनुकूल हों तो अधिक प्रयास की भी आवश्यकता नहीं होती परंतु परिस्थितियाँ प्रतिकूल हों तो अत्यधिक कठिन प्रयास किया जाता है जिसके लिए व्यक्ति को भी असामान्य होने की आवश्यकता होती है। डा० सेठी के ऐसा कहने के पीछे भाव था कि सुधाचंद्रन ने नैराभ्य की भावना उत्पन्न न हो। वह इस विचार के साथ अपनी शक्ति संगठित करती रहे कि प्रयास से उसका कार्य संभव हो सकता है। 2. 28 जनवरी 1984 को मुंबई के 'साउथ इंडिया वेलफेयर सोसाइटी' के हाल में सुधाचंद्रन के नृत्य का सार्वजनिक प्रदर्शन बेहद सफल रहा। प्रशंसकों ने उसे पलकों पर उठा लिया और वह रातों रात ऐतिहासिक महत्त्व की हो गई। उसकी अद्‌भुत जीवन यात्रा से प्रभावित होकर तेलुगु के फिल्मकार ने उसकी जिंदगी को आधार बनाकर 'मयूरी' फिल्म बनाई। सुधा ने स्वयं इसमें जीवंत अभिनय किया। फिल्म को अद्‌भुत सफलता मिली। 33वें राष्ट्रीय फिल्म समारोह में इसे विशेष पुरस्कार दिया गया। आज सुधा एक व्यस्त नृत्यांगना ही नहीं, फिल्मकार भी है। सुधा को उसके असामान्य साहस और श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए कई पुरस्कार भी प्राप्त हो चुकें हैं।

भाषा-बोध

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. जीतना (जीत) 2. हारना (हार) 3. दौड़ना (दौड़) 4. नाचना (नाच) 5. पछताना (पछतावा) 6. सींचना (सिंचाई) 7. पढ़ना (पढ़ाई) 8. चढ़ना (चढ़ाई) 9. लिखना (लिखावट)

(ग) 1. असंभव 2. दुर्गम 3. शिक्षार्थी 4. शिक्षक

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

15. अमरनाथ की यात्रा

(क) 1. सिहरन 2. जवाहर सुरंग 3. धार्मिक 4. हरियाली **(ख)** 1. ✓2. ✗ 3. ✗ 4. ✓

(ग) 1. (स) 2. (ब) 3. (स)

(घ) अति लघु : 1. कन्हैया लाल नंदन जी 2. फोन पर 3. साढ़े चौदह हजार फीट 4. शिवलिंग की प्रतीक

लघु उत्तरीय : 1. टटू बिगड़ गया था जिस पर सवार लेखक जी जान पर बन आई थी। 2. हरे-भरे पाईन के सीधे तने खडे हुए वृक्षों के बीच लाल छतों के मकानों की शोभा देखते ही रह जाने लायक थी। 3. स्वयं करें। 4. पहाड़ पर ऑक्सीजन की कमी होती है जिसके कारण साँस लेने में लकलीफ होती है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. लिद्दर असाधारण तौर पर

खूबसूरत नदी बताई जाती है। अल्हड़पन और पानी के स्वच्छ सफेद घाट में उसकी सुंदरता पूर्ण रूप से प्रकट होती है। कहा जाता है कि लिद्दर की तेजी ऐसी है कि साँप शरमाए और गर्जन ऐसी कि समूचा पहलगाम उसके बिना सूना हो जाए। चिनाब के बहाव में शक्तिशाली उफान देखने वालों को चकित कर देता है। वर्षा ऋतु में यह कहर बरपाती है।

2. पौराणिक कथा है कि एक बार बातों ही बातों में भगवान शिव का मुख श्री पार्वती जी के नेत्रों से स्पर्श हो गया था। परिणाम यह हुआ कि उनका मुख नेत्रों से अंजन लग जाने के कारण काला हो गया। भगवान सदाशिव ने अपने मुख को काला देखा तो उसे श्री गंगा (नीलगंगा) में धोया, जिससे गंगाजी का रंग काला पड़ गया। इस जल के स्पर्श से महापापों का नाश हो जाता है। 3. टट्टू के बिदकने पर लेखक की जान साँसत में थी। घोड़ा उनकी जान लेने पर उतारू था कि लेखक टट्टू से नीचे जमीन पर जा गिरे और जान बच गई। उन्हें चोट भी न आई थी। वे बार-बार भगवान को धन्यवाद दे रहे थे। कहाँ तो टट्टू द्वारा पहाड़ी से गिराए जाने पर उनकी जान भी न बचती और कहाँ वे सही सलामत बच गए। वे व्यंग्य करते हुए कहते हैं श्रद्धावान लोग तीर्थ यात्रा में प्राण चले जाने पर कहतें कि यदि तीर्थ यात्रा में प्राण चलें जाएँ तो सीधे बैकुंठ जाता है। परंतु मेरा बैकुंठ का टिकट कैंसिल हो चुका था। 4. तीर्थ यात्रा लोग विभिन्न मन्नतों के लिए करते हैं। उनमें एक मन्नत यह भी है कि उन्हें मरने के बाद मोक्ष मिले, बैकुंठ में निवास करें आदि। लेखक का व्यंग्य है कि वह टट्टू की सवारी पर तो जैसे बैकुंठ की ही तैयारी में ही था क्योंकि उसके बिदक जाने पर जान बचने की उम्मीद न रही थी। यदि प्राण चलें जाते तो बैकुंठ पाने की कहावत चरितार्थ हो जाती। बैकुंठवासी होना तीर्थयात्रा का सफल होना था परंतु प्राण बचने पर बैकुंठवासी न हुए और यात्रा सफल होते-होते रह गई।

भाषा-बोध

(क) 1. ईश्वरीय (विशेषण) 2. सन्नाटा (संज्ञा) 3. प्रेमकपूर (संज्ञा) 4. ज़मीन (संज्ञा) 5. एक दर्जन (विशेषण) 6. मजबूर (विशेषण)

(ख) स्वयं कीजिए।

(ग) 1. ऊपर (ऊपरी) 2. नीचे (निचला) 3. पीछे (पिछला) 4. क्रोध (क्रोधी) 5. बाहर (बाहरी) 6. भीतर (भीतरी)

(घ) मंगल – एक ग्रह का नाम, शुभ

तीर – बाण, किनारा

अर्थ – किसी शब्द का अर्थ, धन

सूर – नेत्रहीन, सूर्य

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

16. मैं हूँ रोबोट

(क) 1. प्लास्टिक 2. शिराओं 3. मस्तिष्क 4. बोलने **(ख)** 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✓

(ग) 1. (स) 2. (स) 3. (ब) 4. (अ)

(घ) अति लघु : 1. यंत्रमानव को 2. लोहा-इस्पात और प्लास्टिक से 3. गंदे, विषैले, और विषम वातावरण में

लघु उत्तरीय : 1. रोबोट के शरीर में फैले तारों में बहती विधुत धारा से उसे कार्य करने के लिए शक्ति प्राप्त होती है। 2. रोबोट के शरीर में लगे माइक्रोफोन में सुनता व लाउडस्पीकर से बोलता है।

3. रोबोट का नियंत्रण मनुष्य के हाथों में होता है अत: वह मनुष्य का गुलाम माना जाता है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. यंत्र मानव का शरीर लोहा-इस्पात और प्लास्टिक से बना होता है। टाँगें, भुजाएँ और अँगुलियाँ धातुओं से बने होते हैं। उसके शरीर में तारों का जाल बिछा होता है जिनमें विद्युत धारा बहती है जो रोबोट को कार्य करने की शक्ति देती है। उसमें एक कंप्यूटर को मस्तिष्क के रूप में लगाया जाता है जिसमें उसके नियंत्रण की सभी बातें संचित रहती हैं। रोबोट के शरीर में आँखों के स्थान पर कैमरे, कानों के स्थान पर माइक्रोफोन व बोलने के लिए लाउडस्पीकर लगा होता है।

2. रोबोट चंद्रमा की सतह पर जाकर वहाँ की मिट्टी खोदकर लाया था। मंगल ग्रह की सतह पर जाकर रोबोट ने वहाँ की लाल मिट्टी खोदी थी और उसका परीक्षण करके पता लगाया था कि मंगल ग्रह पर कोई जीवन नहीं है।

3. रोबोट अनेक ऐसे कार्य कर सकता है जिन्हें हाड़-मांस का इंसान नहीं कर सकता। वह

भूखा-प्यासा बिना कुछ खाए सर्दी और गर्मी में बिना थके और बिना ऊबे अकेले ही काम करता रहता है। वह बर्फीली ठंडक और तेज गर्मी में दोनों जगह एक जैसी तेज गति से काम कर सकता है। वह गंदे, विषैले और विषम वातावरण में काम कर सकता है। वह बिना हिचक और विरोध के अकेला ही बीस-पच्चीस लोगों के बराबर काम कर सकता है। रोबोट सुलगती हुई भट्टी में भी हाथ डालकर लोहे की तपती हुई लाल सलाखों को अपने हाथों में पकड़ सकता है। आग लगे भवन में बिना डरे व घबराए घुसकर आग बुझा सकता है।

भाषा-बोध

(क) 1. जीवन - मृत्यु 2. चतुर - मूर्ख 3. निर्जीव - सजीव 4. स्मृति - विस्मृति 5. सुगंध - दुर्गंध 6. सामान्य - विशेष 7. सेवक - स्वामी 8. विषैला - अमृतमय 9. परिश्रमी - आलसी

(ख) 1. मैं अकेला बीस-पच्चीस मजदूरों के बराबर कार्य कर सकता हूँ।

2. मैं तपती हुई सलाखों को पकड़ सकता हूँ।

3. मेरा शरीर हाड-माँस का नहीं है।

4. तुम सोचते होंगे कि मैं निर्जीव पुतला ये सब कैसे करता हूँ।

(ग) 1. तुम जब तक चाहते, कार्य कर सकते थे। (भूतकाल) तुम जब तक चाहोगे, कार्य कर सकोगे। (भविष्यत्काल) 2. कम्प्यूटर की स्मृति में वह सभी संचित रहता था, जो मुझे करना होता था। 3. तुमने सोचा होगा कि मैं निर्जीव पुतला ये सब काम कैसे कर सका। 4. मैं अकेला ही बीस-पच्चीस मजदूरों के बराबर काम कर सकता था।

(घ) 1. तुम शायद विश्वास नहीं करोगे कि मैं देख सकता हूँ, सुन सकता हूँ, बोल सकता हूँ और छूकर अनुभव भी कर सकता हूँ। 2. वाइकिंग प्रोब, जो मंगलग्रह के अध्ययन के लिए अमेरिका ने भेजा था, उसमें मैं ही था।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

17. खिलौना

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. (स) 2. (ब) 3. (स)

(ग) अति लघु : 1. राजकुमार ने 2. दीना के लाल ने 3. दास-दासियाँ

लघु उत्तरीय : 1. मैं तो वही खिलौना लूँगा से बालक का अपने मिट्टी के खिलौने के प्रति असंतोष झलकता है। 2. राजपुत्र राजपथ पर चल रहे बालक के खिलौने के प्रति आकृष्ट होकर उसे पाने के लिए मचल रहा था। 3. अपने मिट्टी के खिलौने को एक ओर फेंककर बालक कहता है कि तू ही बता, क्या राजपुत्र मिट्टी के खिलौने से खेलेगा? अर्थात् नहीं।

दीर्घ उत्तरीय : 1. दीना का लाल राजकुमार द्वारा खेले जाने वाले खिलौने को पाने की हठ कर रहा है। वह अपने मिट्टी के खिलौने से संतुष्ट नहीं है। राजकुमार द्वारा उछाल-उछाल खेला जाने वाला खिलौना उसे आकृष्ट कर रहा है। इस पर माता उसे बहलाती है कि बेटा, अपने ही खिलौने से खेलो। भले ही यह मिट्टी का बना है और राजकुमार का स्वर्ण-निर्मित है, परन्तु यह तो जानो कि जैसा खिलौना तुम्हारे पास है, वैसा राजकुमार के पास भी तो नहीं है। माता के कहने का तात्पर्य है कि उसका खिलौना भी तो अद्वितीय है। 2. राजकुमार अपने स्वर्ण-निर्मित खिलौने से संतुष्ट न था। वह उस खिलौने को लेने के लिए मचल उठा था जिसे राजपथ पर चलने वाला बालक बार-बार पुचकार रहा था। राजकुमार को बहलाते हुए दास-दासियाँ उसे बताते हैं कि वह खिलौना तो मिट्टी का बना होगा, तुम सोने के खिलौने से खेलो। वे सब उसे बहलाने का प्रयत्न करते हैं और यह बताने का प्रयास करते हैं कि राजकुमार का खिलौना श्रेष्ठ है और उस बालक का खिलौना निकृष्ट क्योंकि वह मिट्टी-सा साधारण है।

भाषा-बोध

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. माता (स्त्रीलिंग) 2. बालक (पुल्लिंग) 3. दादी (स्त्रीलिंग) 4. पुत्र (पुल्लिंग) 5. बच्चा (पुल्लिंग) 6. रानी (स्त्रीलिंग) 7. खिलौना (पुल्लिंग) 8. गड्डा (पुल्लिंग) 9. पत्थर (पुल्लिंग)

(ग) 1. हठी (हठ) 2. दुर्बल (दुर्बलता) 3. पवित्र (पवित्रता) 4. उत्कृष्ट (उत्कृष्टता) 5. व्यापक (व्यापकता) 6. प्रसन्न (प्रसन्नता)

(घ) स्वयं कीजिए।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

18. क्यों निराश हुआ जाए?

(क) 1. आठ 2. बुराई, अच्छाई 3. ईमानदारी

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓

(ग) 1. (ब) 2. (अ) 3. (स) 4. (ब)

(घ) अति लघु : 1. ठगी, डकैती, चोरी, तस्करी और भ्रष्टाचार 2. धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, कानून को धोखा दिया जा सकता है। इसलिए लोग कानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में सकोंच नहीं करते। 3. धोखाधड़ी वाली बातों को चित्त में लाने से 4. क्योंकि भ्रष्ट लोग आने कर्तव्य को भूलकर सुख-सुविधा जुटाने में लगे रहते हैं।

लघु उत्तरीय : 1. प्राय: देखा जाता है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले भोले-भाले श्रमजीवी भी पिस रहें हैं, चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इससे जीवन के महान मूल्यों के प्रति लोगों की आस्था हिलने लगी है।

2. जो लोग कानून को कार्यान्वित करने वाले होते हैं, उनका मन सदा पवित्र नहीं होता। वे अपने कर्तव्य को भूलकर अपनी सुख-सुविधा जुटाने में लग जाते हैं और पात्र लोग लाभ से वंचित रह जाते हैं। 3. भारतवर्ष अब भी यह अनुभव कर रहा है कि धर्म कानून से बड़ी चीज है। अब भी सेवा, ईमानदारी, सच्चाई और आध्यात्मिकता के मूल्य बने हुए हैं, लेकिन नष्ट नहीं हुए हैं। आज भी वह मनुष्य से प्रेम करता है, महिलाओं का सम्मान करता है, झूठ और चोरी को गलत समझता है, दूसरों को पीड़ा पहुँचाने को पाप समझता है। अत: कानून को भी धर्म से जोड़कर देखा जाने लगा है और उतना ही महत्त्व रखता है जितना धर्म का पालन करना।

दीर्घ उत्तरीय : 1. रेलवे स्टेशन पर जल्दबाजी में टिकट लेकर बचे हुए पैसे भूल जाने पर लेखक को टिकट बाबू ने खोजकर पैसे लौटाए, तो उन्हें लगा कि सच्चाई और ईमानदारी लुप्त नहीं हुई हैं। मनुष्यता अभी बची हुई है। एक अन्य घटना उनकी बस यात्रा के दौरान हुई जब निर्जन स्थान पर बस खराब हो जाने पर कंडक्टर साइकिल लेकर चलता बना था। पता चला था कि उस स्थान पर पहले भी बस को लूटा गया था। विपत्ति में फँसें लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे थे कि कंडक्टर यात्रियों के लिए खाली बस लेकर आ गया। यही नहीं, उसने लेखक के बच्चों के लिए पानी और दूध का भी प्रबंध किया। इससे लेखक ने माना कि मनुष्यता अभी समाप्त नहीं हुई है। 2. दोषों का पर्दाफाश करना बुरी बात नहीं हैं, परंतु यह उचित नहीं है कि बुराई के उद्घाटन में रस लेकर आनंद की अनुभूति की जाए। ऐसा करना भी एक प्रकार के दोष को चरित्र में स्थान देना है। इसी प्रकार लुप्त होती अच्छाई को खोजकर पूर्ण रस के साथ उजागर करने से समाज में अच्छा संदेश जाता है। ऐसा प्रयास होते रहना चाहिए। वास्तव में समाज में श्रेष्ठ मूल्यों की स्थापना हेतु बुराई से बचना व अच्छाई को स्थापित करने की क्रिया चलती रहे, यही प्रयास रहना चाहिए। 3. धर्म व्यक्ति के भीतर बसता है। यह चरित्र और आचरण से संबंध रखता है जबकि कानून बाहरी विषय है। धर्म का पालन मन, वचन, कर्म से करना पढ़ता है जिसे व्यक्ति का अंतर्मन जान सकता है कि वह कितना धार्मिक है परंतु कानून के पालन में लोग शिथिलता का व्यवहार करते हैं। अनेक बार अनेक प्रकार से लोग कानून का उल्लंघन करते हैं, धोखा देकर उससे बच जाते हैं, इससे भी अधिक कानून से रक्षक ही अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते और लगता है उल्लंघन करने वालों के प्रति उनकी वफादारी अधिक है। लोग धर्म को ईश्वर का विधान मानते हैं और कथित रूप से धार्मिक बने रहने का प्रयत्न करते हैं परंतु रेलगाड़ी बिना टिकट यात्रा करना, चोर बाजारी, मिलावट व भ्रष्टाचार करना और करके बच निकलना अपना चातुर्य मानते हैं। लोग जानते हैं और ऐसा मानते हैं कि धर्म विरूद्ध चलने पर ईश्वर दंड देगा। उससे बचने का उपाय नहीं है। परंतु कानून का उल्लंघन करने पर दंड से बचने के बहुतेरे रास्ते हैं जिन पर चलकर लोग बचते रहते हैं।

भाषा-बोध

(क) 1. सरल 2. मिश्र वाक्य 3. मिश्र वाक्य

(ख) 1. **भारतवर्ष** (व्यक्तिवाचक संज्ञा) **सपना** (जातिवाचक संज्ञा) **गाँधी** (व्यक्तिवाचक संज्ञा) 2. **सुख-दुख** (भाववाचक संज्ञा) 3. **ईमानदारी** (भाववाचक संज्ञा) **मूर्खता** (भाववाचक संज्ञा) 4.

प्रेम (भाववाचक संज्ञा)

(ग) 1. भारतवासी 2. गगनचुंबी 3. लाइलाज

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

19. सबसे सुंदर लड़की

(क) 1. लहरों 2. कनक 3. लड़की 4. सीपियों 5. शंख **(ख)** 1. ✓2. ✓ 3. ✓ 4. ✗ 5. ✓

(ग) 1. (ब) 2. (स) 3. (ब) 4. (स) 5. (अ) 6. (ब)

(घ) अति लघु : 1. सीपियाँ 2. समुद्र से निकली रंग-बिरंगी कौड़ियों, नाना रूप के सुंदर शंख, विचित्र पत्थर से तरह-तरह के खिलौने, तरह-तरह की मालाएँ तैयार करता और पास के बड़े नगर में बेच आता। 3. कलाकार के रिश्तेदार के मित्र की बेटी। 4. कलाकार का बेटा।

लघु उत्तरीय : 1. लहरों को देखकर मंजरी को डर लगता था। 2. मंजरी को कनक ज़रा भी नहीं आती थी। 3. कलाकार ने खिलौने पक्षी सबसे सुंदर लड़की के लिए बनाया था। 4. कनक ने स्वयं से ईर्ष्या करने वाली लड़की के प्राण बचाकर मनुष्यता का परिचय दिया था।

दीर्घ उत्तरीय : 1. कनक निर्धन परिवार में जन्मी थी। उसके पिता मछुआरे थे जो एक दिन समुद्र में ही कहीं दुर्घटना के शिकार हो गए थे जिससे परिवार को बड़ी क्षति हुई। परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी माँ पर आ गई जो मछलियाँ बेचकर घर का खर्च उठाती थी। कनक छोटे-छोटे शंखों की मालाएँ बनाकर बेचती थी। 2. कनक ने जब मंजरी को समुद्र में चट्टान की ओर बुलाया जिस पर वह स्वयं बैठी हुई थी, हर्ष ने कहा कि मंजरी वहाँ नहीं आ सकती। यह सुनकर मंजरी को स्वयं के द्वारा समुद्र के जल में जाने की कमजोरी के तथ्य को झुठलाने की आवश्यकता अनुभव हुई। इतना सोचते हुए उसकी दृष्टि एक सुंदर शंख पर गई। वह उस ओर बढ़ी तो समुद्र की तेज लहरों ने उसे बड़ी चट्टान की ओर लुढ़का दिया। उसके मुँह में खारा पानी भर गया और उसे होश भी न रहा। ये सभी घटनाएँ बहुत तेज़ी से हुई। इस प्रकार यह सब आनन-फानन में हो गया। 3. जब मंजरी को समुद्र की तेज लहरों ने चट्टान की दिशा में लुढ़काया और वह अचेत हो गई तो कनक ने कुछ लहरों के बीच से उसे निकाला। उसने उपचार करके उसके भीतर चले गए पानी को बाहर निकाला। इस प्रकार उसका जीवन सुरक्षित बच पाया था। इस कृतज्ञता के कारण मंजरी के कनक के प्रति व्यवहार में परिवर्तन आया था।

भाषा-बोध

(क) 1. **समुद्र**–जलधि, क्षीरनिधि, वारिधि। 2. **हाथ**–हस्त, कर, पाणि। 3. **लड़की**-बालिका, कन्या, बेटी। 4. **पिता**–जनक, तात, पितृ।

(ख) 1. **कनक** – अच्छी, दयालु, साहसी, गरीब, मेहनती; 2. **मंजरी**–डरपोक, लालची, मूर्ख, लापरवाह

(ग) 1. विचित्र - सामान्य 2. निडर - डरपोक 3. सुंदर - कुरूप, असुंदर, भद्दा 4. मित्रता - शत्रुता 5. क्रुद्ध - प्रसन्नचित्त 6. प्रशंसा - निंदा

(घ) 1. समुद्र – संज्ञा 2. विचित्र - विशेषण 3. लहरें - संज्ञा 4. चिल्लाना - क्रिया 5. टकराना - क्रिया 6. दावत- संज्ञा

(ङ) 1. आ + हार 2. अ + पूर्ण 3. अ + सामान्य 4. स + घन 5. स + कुशल 6. अ + समर्थ 7. सु + शील 8. अ + कारण 9. आ + चरण 10. अ + सफल **(च)** स्वयं कीजिए।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

20. वीर बालक

(क) 1. हथियारों 2. पारसाल 3. चाकू 4. खुदा 5. वर्षगांठ **(ख)** 1. ✗ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✗ 5. ✓

(ग) 1. (स) 2. (स) 3. (अ) 4. (ब)

(घ) अति लघु : 1. बलकरन की माँ ने 2. बलकरन ने 3. हिन्दू ग्रामीण ने 4. कल्याणी ने 5. ग्रामीण ने 6. जफर ने 7. तैमूर ने

लघु उत्तरीय : 1. बलकरन बारह वर्ष उत्तम सूझबूझ वाला निर्भीक बालक था। 2. स्वयं कीजिए। 3. तैमूर सेना सहित लूटपाट मचाता चला आ रहा था, इससे भयभीत लोगों में आत्मरक्षा हेतु भगदड़ मच गई थी। 4. गाँव में आकर सैनिक घरों को लूटते व गाँवों को बरबाद करते थे।

दीर्घ उत्तरीय : 1. गाँव के घरों को खाली पाकर जफर ग्रामीणों को 'कमबख्त' कहकर संबोधित करते हुए कहता है कि सब भाग गए। गाँव खाली है। वे लोग भूखे हैं और जफर के कथन से स्पष्ट होता

है कि उन्हें इस समय माल-असबाब, सोने-चाँदी से अधिक भोजन की आवश्यकता है। उसके अभिप्राय पर मुबारक कहता है कि यह तो मामूली-सी झोपडी है। यहाँ सोना-चाँदी नहीं मिल सकेगा। इस पर जफर कहता है कि हिन्दुस्तानी लोग मूल्यवान वस्तुएँ दीवारों में छिपाकर रखते हैं, अत: ध्यानपूर्वक देखने की आवश्यकता है। मुबारक अपना मत प्रकट करता है कि ग्रामीण भागते समय सोना-चाँदी साथ ले गये होगें। तभी जफर को मिठाइयाँ दिखाई देती हैं और वह उनकी ताजगी और स्वाद के विषय में बताते हुए खाता है और कहता है कि दो दिन से भोजन नहीं मिल सका था। 2. स्वयं कीजिए।

3. बलकरन की वर्षगाँठ उसके साहस के अनुरूप मनाई गई। उसने दुर्दांत तैमूर से साहसपूर्वक वार्तालाप किया और अपनी प्रतिभा के बल पर स्वयं को प्रस्तुत कर तैमूर को यह जता दिया कि उसकी राह सरल नहीं है। बलकरन की वर्षगाँठ तैमूर से गाँव की रक्षा करते हुए मनी और इस सबका श्रेय बलकरन ने अपनी माता के आर्शीवाद को दिया। वीर बालक की वर्षगाँठ चंदन के तिलक के स्थान अँगुली के खून से तिलक लगाकर मनाई गई।

भाषा-बोध

(क) 1. जंगल (पुल्लिंग) 2. दूध (पुल्लिंग) 3. तैमूर (पुल्लिंग) 4. गाँठ (स्त्रीलिंग) 5. बस्ती (स्त्रीलिंग) 6. बलकरन (पुल्लिंग) 7. माँ (स्त्रीलिंग) 8. तलवार (स्त्रीलिंग) 9. चाकू (पुल्लिंग) 10. कोठरी (स्त्रीलिंग) 11. घर (पुल्लिंग) 12. ग्रामीण (पुल्लिंग)

(ख) 1. वीर (वीरता) 2. बहुत (बहुतायत) 3. मोटा (मोटापा) 4. मारना (मार) 5. हारना (हार) 6. जीतना (जीत) 7. तीव्र (तीव्रता) 8. प्यासा (प्यास) 9. प्रसन्न (प्रसन्नता)

(ग) 1. **हक** = अधिकार 2. **हाजिर** = उपस्थित 3. **हुक्म** = आदेश 4. **इंतजाम** = प्रबंध 5. **खून** = रक्त 6. **वर्षगाँठ** = सालगिरह 7. **रक्षा** = बचाव 8. **तेज** = तीव्र 9. **निर्भीक** = साहसी 10. **पारसाल** = पिछले साल 11. **फौज** = सेना 12. **शुक्र** = आभार, मेहरबानी

(घ) 1.कोई नहीं, कमबख्त सब भाग गए।

2. मूर्ख हो तुम। इन तस्वीरों को पलटो, इनके पीछे दीवारों में कुछ होगा। ये लोग अपना सोना-चाँदी दीवारों में रखते हैं। 3.खामोश! गाजी तैमूर से नाचीज सवाल करता है, कि तुम कौन हो? कमबख्त! अगर बात करने की तमीज नहीं तो खामोश रह।

4. नहीं, तू मेरा छोटा-सा बहादुर दोस्त है। चाकू वाला दोस्त! इस हैसियत से तेरा मुझ पर हक है।

5. अच्छा, तू मुझसे दो दो हाथ लड़ने का भी हौंसला रखता है। पर पहले में दूध पीऊँगा, गला सूख रहा है।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

21. कच्चे दोस्त-1

(क) 1. सर्वाधिक 2. बाहर 3. पिता 4. कक्षाएँ 5. कॉपियाँ **(ख)** 1. ✓ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✗ 5. ✓

(ग) 1. स 2. ब 3. स

(घ) अति लघु : 1. नगर के बाहर एक छोटे से क्षेत्र में 2. कक्षा-6 में

लघु उत्तरीय : 1. नए विद्यालय में प्रवेश लेने से पूर्व आदित्य होनहार विद्यार्थी था। 2. जिस क्षेत्र में आदित्य रहता था, वहाँ का रहन-सहन अर्द्धशहरी था अत: नगर के समीप होते हुए भी वह स्थान कस्बे जैसा था। 3. आदित्य की कक्षा का वातावरण बहुत अव्यवस्थित था। 4. कक्षा में आदित्य को बैठने के लिये स्थान नही मिल पाता था, कुछ छात्र गुंड़ई करते, मार-पीट करते, श्यामपट् भी साफ दिखाई नहीं देता था।

दीर्घ उत्तरीय : 1. कक्षा की अव्यवस्था के कारण आदित्य मन ही मन हीन भावना से ग्रसित मन मसोसकर रह जाता था, व उसके सारे सपने मिट्टी में मिल गये थे। 2. विद्यालय न जाकर आदित्य आवारा बच्चों के साथ उनकी बस्ती में जाकर खेलने लग गया था। 3. भिखारियों की बस्ती में रहने वाले बालक फिल्मी हीरो की तरह बाल रखना, उनके जैसे डायलॉग बोलना, उनकी तरह बातें करते थे।

भाषा-बोध

(क) 1. मुझे 2. उसे 3. सोना

(ख) 1. भूतकाल 2. वर्तमानकाल 3. वर्तमानकाल 4. भविष्यकाल 5. भविष्यकाल

आओ सीखें : स्वयं कीजिए

22. कच्चे दोस्त-2

(क) 1. परिवार 2. चाबी 3. परिस्थितियाँ 4. बाजार 5. फिल्म **(ख)** 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✓

5. ✗ **(ग)** 1. ब 2. ब 3. स

(घ) अति लघु : 1. राम प्रसाद की शक्त-सूरत, पहनावा सब भिखारियों जैसा था। 2. बर्फी खाई, फिल्म देखी।

लघु उत्तरीय : 1. उनके जीवन का लक्ष्य मात्र पेट भरकर जीवन व्यतीत करना था। 2. भिखारी बालकों की संगति में आदित्य अपने परिवार की डींगे मारता, अपनी झूठी अमीरी की शेखी बघारता। 3. दस रूपये से आदित्य ने पहले खरीदकर बर्फी खाई, दो बढ़िया पेन लिये, तथा फिल्म के दो टिकट खरीदे। 4. फिल्म देखते समय आदित्य को पिटाई का डर सता रहा था।

बहुत ही धनी समझा जाता है, जिसने ज्यादा-से-ज्यादा देशों या जातियों की संस्कृति का विकास किया हो जबकि धन व्यापारिक व भौतिक (सुख-साधनों की) दृष्टि से महत्त्व रखता है। 3. मनुष्य के भीतर बसे विकार प्रकृतिदत्त हैं। यदि वह उन पर नियंत्रण नहीं रखता तो पशुतुल्य हो जाता है। हमारी संस्कृति हमें इन विकारों से परे रहने को प्रेरित करती है। इस प्रकार संस्कृति के प्रभाव से मनुष्य पशुत्व से मनुष्यत्व की ओर प्रवृत होता है। संस्कृति का कार्य व्यक्ति के दोषों को कम करना व उसके गुणों को बढ़ाना है। 4. भारत प्राचीनकाल से ही विदेशी आक्रमणकारियों का केन्द्र रहा। वे यहाँ आते रहे, इसे लूटते रहे व यहाँ बसते भी रहे। भारतीय संस्कृति उन सबको समाहित करती रही। यद्यपि उसमें विविधता भी आती रही, परंतु फिर भी वह भारतीय संस्कृति का ही रूप धारण किए रही। पहले आर्य इस देश में आए और द्रविड़ जाति से मिलकर उस संस्कृति की नींव डाली, जिसे हम हिंदू या भारतीय संस्कृति के नाम से जानते हैं। इसके पश्चात् बुद्ध व महावीर के प्रभाव से बहुत सी रूढ़ियाँ दूर होकर एक बार फिर नवीन संस्कृति की रचना हुई। इसके पश्चात् मुस्लिमों और ईसाइयों के प्रभाव से संस्कृति में पुनः परिवर्तन देखने को मिला परंतु भारतीय संस्कृति ने सबको अपनी उदारता में स्थान दिया और विविधता में एकता के मूल्य को बनाए रखा।

भाषा-बोध

(क) 1. दुर्बुद्धि = दुः + बुद्धि 2. तद्नुसार = तत् + अनुसार 3. पुनर्जन्म = पुनः + जन्म 4. सद्गति = सत् + गति

(ख) मोटर, गोश्त, हथियार, हासिल।

(ग) 1. शिष्ट (शिष्टता) 2. शीघ्र (शीघ्रता) 3. सभ्य (सभ्यता) 4. समीप (समीपता) 5. राष्ट्र (राष्ट्रीयता) 6. सेवक (सेवा)

(घ) 1. अपादान, 2. अधिकरण

(ङ) स्वयं कीजिए।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

4. सफलता की कुंजी

(क) 1. सदुपयोग 2. दुरूपयोग 3. बेगार 4. कहीं अधिक **(ख)** 1. (ब) 2. (स) 3. (अ) 4. (स)

(ग) अति लघु : 1. क्रिया और विचारण। 2. जब उसके साथ उत्साह भरा विचार-प्रवाह भी जुड़ा हो। 3. निठल्ले बैठे रहने पर समय का दुरुपयोग होता है।

लघु उत्तरीय : 1. काम छोटा हो या बड़ा ..... परिचय देगी। 2. व्यक्तित्व के धनी ..... काम में लगाया। 3. अच्छी वस्तुएँ ..... कोशिश की जाती है। 4. जिस वस्तु को प्रामाणिक ..... आधार पर मिलते हैं।

दीर्घ उत्तरीय 1. किसी भी क्षेत्र में मूर्धन्य लोगों को देखा जाए, वे सामान्य से असामान्य स्तर तक इसी आधार पर पहुँचे हैं कि उन्होंने निर्धारित प्रभोजनों में अधिकाधिक समय समूचे मनोयोग और पूरे उत्साह के साथ लगाया। यदि उन्होंने बेगार भुगतने की तरह किसी प्रकार अपने कामों को निपटाया होता, कुछ खुद करके कुछ दूसरों पर छोड़ा होता, तो निश्चय ही प्रतिस्पर्धा में आगे निकल सकने का सुभोग कभी सामने न आता। 2. अरूचि और प्रमादवश जो कार्य किए जाते हैं, उनमें न पूर्णता होती है और न सुंदरता। ऐसे ही कार्यों को आधे-अधूरे और काने-कुबडे बताया गया है। ऐसे कार्यों से न स्वयं को संतोष होता है और न उस निर्माण का उपयोग करने वाले को।

3. काम छोटा हो या बड़ा, उसका स्वरूप कैसा बन पड़ा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसके साथ कितनी दिलचस्पी जुड़ी रही, उसमें त्रुटियाँ न रहने देने के लिए कितनी चेष्टा की गई। सर्वांगपूर्ण बनाने के लिए उस हेतु कितनी तत्परता बरती गई। यदि काम मनोयोगपूर्वक किया गया होगा, उसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर अधिकाधिक अच्छी तरह किया गया होगा, तो निश्चय ही वह कृति अलग से अपनी गौरव-गरिमा का परिचय देगी। उसका सौंदर्य अलग से चमकेगा। साधारण होते हुए भी उसे विशेषता भरा देखा जाएगा। 4. समय को सुनियोजित रूप से कार्य में लगाना ही समय का सदुपयोग है। इससे समय नष्ट नहीं होता और निश्चित समय के भीतर कार्य संपन्न करने का विचार प्रबल रहता है। इसमें क्रिया और विचारण साथ-साथ चलते रहते हैं और कार्यक्षमता का सही दिशा में उपयोग हो पाता है। 5. जिस कार्य में महत्त्वपूर्ण उद्देश्य जुड़ा न हो, वह रूचिकर नहीं हो सकता। उसे बेगार की तरह किया जाता है। महत्त्वपूर्ण उद्देश्य न होने पर उसके प्रति जवाबदेही भी प्रायः नहीं के बराबर होती है और

उसकी कोई निश्चित समय सीमा भी नहीं होती, यदि होती भी है तो उसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। वास्तव में महत्त्वपूर्ण उद्देश्य ही मन: स्थिति को निर्माणकार्य की ओर आकृष्ट करता है और उद्देश्य महत्त्वपूर्ण होगा, तो उसमें रूचि स्वयं ही जाग्रत हो सकेगी।

भाषा-बोध

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) प्रमादी (ई), सामाजिक (इक), आर्थिक (इक), पारिवारिक (इक)

(ग) 1. पूर्णता-अल्पता 2. सक्षम-अक्षम
3. असमान - समान 4. सतर्क-लापरवाह
5. सफल-असफल 6. सम्मान-अपमान
7. संभव-असंभव 8. सदुपयोग- दुरुपयोग
9. प्रमादी-कर्मठ 10. प्रमाणिक-अप्रमाणिक
11. टिकाऊ-क्षणिक 12. स्वतंत्र-परतंत्र

(घ) 1. योग-वियोग 2. बालिग-नाबालिग
3. देश-विदेश 4. मुमकिन-नामुमकिन
5. राग-विराग 6. कामयाबी-नाकामयाबी
7. जय-विजय 8. समझ-नासमझ
9. ज्ञान-विज्ञान 10. काबिल-नाकाबिल

(ङ) स्वयं कीजिए।

(च) 1. सामाजिक = समाज + इक 2. वैज्ञानिक = विज्ञान + इक 3. वैमानिक = विमान + इक 4. यांत्रिक = यंत्र + इक 5. वैदिक = वेद + इक 6. पारिश्रमिक = परिश्रम + इक 7. आर्थिक = अर्थ + इक 8. पारिवारिक = परिवार + इक

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

5. दिये से मिटेगा न मन का अंधेरा

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. (ब) 2. (अ) 3. (स)

(ग) अति लघु : 1. कवि अँधेरे को समाज में फैली विघटनकारी शक्तियों व वैचारिक संकीर्णताओं के रूप में देखता है। 2. कवि समाज में नव-सृजन व शांति रुपी प्रकाश चाहता है।

लघु उत्तरीय : 1. मनरूपी अंधकार से अर्थात् मनरूपी घृणा, द्वेष जो दूसरों के प्रति मन में बसा है। 2. कवि कहता है। कि बाहर दिये जलाने से मन का अंधकार नहीं मिट सकता जब तक मन में शांति, न हो, दूसरों के प्रति प्रेम की भावना न हो, मन से घृणा दूर न हो।

दीर्घ उत्तरीय : 1. जब समाज में विघटनकारी शक्तियाँ अपना जाल फैला रही हों और समाज वैचारिक संकीर्णताओं में जकड़ा हुआ हो तो जनजीवन अशांत हो उठता है। ऐसे में समाज के पुनरुथान हेतु शांति की आवश्यकता होती है और यह सृजन के माध्यम से ही स्थापित हो सकती है क्योंकि सृजन ही तो समाज-निर्माण के लिए आवश्यक और अनिवार्य प्रक्रिया है। 2. रोशनी से अभिप्राय स्वाभाविक खुशी से है जिसे हर किसी के मुख पर स्वाभाविक रूप से ही होना चाहिए। वास्तव में समाज में विघटनकारी शक्तियों और वैचारिक संकीर्णताओं ने ऐसा वातावरण उपस्थित कर दिया है कि मनुष्यता जैसे पीड़ित हो सिसक रही है। जब समाज में प्रेम और भाईचारा स्थापित होगा तो मनुष्यता की पीड़ा समाप्त हो सकेगी और उसे स्वाभाविक रूप से प्रसन्न होने का सुखद अवसर प्राप्त होगा। तब प्रतीत होगा कि प्रत्येक द्वार पर रोशनी गीत गा रही है।

भाषा-बोध

(क) 1. बली–निर्बल; 2. सृजन–विध्वंस, विनाश; 3. शांति–अशांति; 4. तम–प्रकाश; 5. उषा–संध्या; 6. पूर्ण–अपूर्ण

(ख) 1. बल (बली) 2. शक्ति (शक्तिवान) 3. हँसना (हँसोड़)

(ग) 1. बली–बलवान, शक्तिवान, ताकतवर
2. अग्नि–आग, अनल, पावक

आओ सीखें - स्वयं कीजिए।

6. आत्मश्लाघा : पराजय का कारण

(क) 1. प्रेमपूर्वक 2. मानसरोवर 3. कौए 4. तिरस्कार 5. सचेत

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓ 5. ✗

(ग) 1. (अ) 2. (स) 3. (ब) 4. (स) 5. (स)

(घ) अति लघु : 1. शल्य मद्र देश का राजा था और युद्ध में कौरवों के पक्ष में था। 2. कर्ण सूतपुत्र था जिसे दुर्योधन की कृपा प्राप्त थी। 3. शल्य को सेनापति कर्ण के सारथी बनने का कार्य भार सौंपा गया। 4. दुर्योधन के आग्रह पर शल्य ने कर्ण का सारथी बनना स्वीकार कर लिया था।

लघु उत्तरीय : 1. आत्मश्लाघा से अभिप्राय है -

अपनी प्रशंसा स्वयं करना। 2. क्योंकि कर्ण वार्ता के समय अपने पराक्रम, शौर्य, युद्धचातुर्य और अस्त-शस्त्र संचालन का बढ़-चढ़कर बखान करने लगा और श्रीकृष्ण और अर्जुन को पराजित करने की बात करने लगा। 3. क्योंकि कर्ण सूतपुत्र था इसलिए वह कर्ण को सारथी बनने में हिचक रहे थे। 4. आत्माश्लाघा के फलस्वरूप कौआ समुद्री जीवों का ग्रास बनते-बनते रह गया उसे अपनी मूर्खता का ज्ञान हो गया और उसे दण्ड मिल गया।

दीर्घ उत्तरीय : 1. कौआ व्यर्थ ही अहंकारवश अपनी असामान्य सामर्थ्य का वर्णन करने लगा जिसका वास्तव में उसे कुछ भी ज्ञान न था। वह हंसों का अपमान करने की दृष्टि से उन्हें नीचा दिखाने व उन्हें पराजित करने की इच्छा से उनके पास उड़कर पहुँचा और कहने लगा, ''अरे हंसो! तुम लोग मुझे नहीं जानते। मैं तुम लोगों से श्रेष्ठ हूँ और दूर तक उड़ने की मुझमें तुम लोगों से अधिक सामर्थ है। तुममें से जो यह अधिक श्रेष्ठ हंस दिखाई दे रहा है मैं उसी के साथ दूर तक उड़कर अपनी श्रेष्ठता दिखा दूँगा।'' यह सब कौए की आत्मश्लाघा ही तो थी। 2. कौए प्राय: जूठन खाते हैं। वे जूठन खिलाने वाले की कृपा पर जीवन व्यतीत करते हैं। कर्ण के पास अपना कोई राज्य न था। पांडवों के प्रति उसकी घृणा देखकर दुर्योधन ने उसे अपने पक्ष में सम्मिलित कर अपने अधीन के एक राज्य का राजकार्य सौंप दिया था। राजा बनने पर कर्ण की स्थिति जूठन खाने वाली ही थी। इस प्रकार शल्य की दृष्टि में वैश्यपुत्रों द्वारा पोषित कौए और दुर्योधन द्वारा पोषित कर्ण में कोई अंतर न था। उसे नीचा दिखाने व आत्मश्लाघा के परिणाम से परिचित व सचेत करने के लिए ही शल्य ने जूठन खाने वाले कौए का उदाहरण दिया।

भाषा-बोध

(क) 1. **प्रलाप**–व्यर्थ की बकवास; 2. **उन्नत**–ऊँचा, प्रगतिशील; 3. **पश्चाताप**–पछतावा; 4. **ग्रास**–टुकड़ा; 5. **सामर्थ्य**–शक्ति; 6. **व्यर्थ**–बेकार; 7. **अभीष्ट**–इच्छित; 8. तिरस्कार अपमान; 9. **आत्मश्लाघा**–अपनी प्रशंसा स्वयं करना; 10. **अतुलनीय**–जिसकी तुलना न की जा सके।

(ख) 1. कर्मचारी–कर्मचारीगण; 2. प्रजा–प्रजाजन; 3. शिक्षक–शिक्षकगण; 4. पाठक–पाठकगण; 5. किसान–किसान लोग; 6. छात्र–छात्रगण; 7. गुरु–गुरुजन; 8. पक्षी–पक्षीवृंद

(ग) 1. श्रेष्ठ (मूलावस्था) 2. न्यूनतम (उत्तमावस्था) 3. योग्यतर (उत्तरावस्था)

(घ) स्वयं कीजिए।

(ङ) 1. सार्वनामिक विशेषण 2. सर्वनाम 3. सार्वनामिक विशेषण 4. सर्वनाम 5. सार्वनामिक विशेषण

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

7. केसर वाले देश में

(क) 1. जम्मू 2. तवी 3. मंदिरों 4. अकारथ

(ख) 1. ✗ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓

(ग) 1. (स) 2. (अ) 3. (स) 4. (ब)

(घ) अति लघु : 1. रघुनाथ जी का मंदिर 2. पटनीटॉप जम्मू से श्रीनगर की आने जाने पर ऊँचे पहाड़ों पर स्थित एक बस्ती है। 3. बेरीनाग में एक खूब बगीचा और चारों ओर मेहराब से घिरा एक जलकुंड है जो झेलम नदी का उद्‌गम स्थल बताया जाता है। 4. श्रीनगर में केसर की खेती होती है, इस कारण उसे केसर वाला देश कहा गया है।

लघु उत्तरीय : 1. छोटा-सा बाजार ..... था। 2. अमरनाथ गुफा है ..... की सीमाएँ हैं। 3. आइए, आपकों ले चलें ..... खड़ा हो जाता है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. कश्मीर की अप्रतिम सुंदरता से सारा विश्व सदैव ही प्रभावित रहा है। इस सुंदरता के आधार पर ही कहा गया है कि पृथ्वी पर यदि कहीं स्वर्ग है, तो वह यहीं है। ऊँची-ऊँची बर्फ से ढकी पहाड़ियाँ, घाटी में फैली हरियाली, सुंदर बाग बगीचे, झीलें और उनमें तैरते शिकारे व हाउसबोट ये सब अपनी सुंदरता स्वयं ही बखान करते हैं। इसकी सुंदरता को निहारने वर्ष भर पर्यटक यहाँ डेरा डाले रहते हैं। कश्मीर देखकर यह महसूस किया जा सकता है कि कश्मीर नहीं देखा, तो हिंदुस्तान में कुछ नहीं देखा। सेब के बाग, बादाम की बाड़ियों, केसर के खेत, महजूर के गीत, बर्फ की चादर ताने हिमालय के विशाल पर्वतखंड और झीलों के आइनों में मुँह झाँकती चोटियाँ, चश्मे और झरने और सबसे बढ़कर कश्मीर के भोले-भाले मेहमानबाज

लोग–यह सब स्वर्ग नहीं तो और क्या हैं?
2. उपरोक्त उत्तर देखें। 3. श्रीनगर झीलों और झेलम का मिलाजुला शहर है। यदि आप चाहें तो किसी शिकारे में बैठकर श्रीनगर का काफी बड़ा हिस्सा पानी–पानी घूम सकते हैं। डल का मजा बिना शिकारे में चढ़े नहीं आता। लेखन ने साथियों सहित एक–एक शिकारा किया और चप्पुओं की छप–छप के साथ आगे बढ़ने लगे। झेलम की हाउसबोटों की दुनिया बड़ी निराली है। लेखक का एक हाउसबोट को अंदर से देखने का बड़ा मन था। अपने शिकारे को एक हाउसबोट के पास लगवाया। हाउसबोट के मालिक को आवाज दी परंतु किसी के न आने पर हाउसबोट में पहुँच गए। अंदर झाँका तो तबीयत दंग रह गई। बाहर से जो केवल एक नाव लग रहा था, वह अंदर पूरा राजसी महल था। फर्श पर कालीन बिछा हुआ, सोफे और तकिए लगे हुए, बिजली के पंखों से लेस पूरा तैरता महल। हम अजनबियों को इस तरह हाउसबोट में घुसा देख मालिक भागा हुआ आया और लेखक व उनके साथियों पर खूब बिगड़ा। इनके माफी माँगने पर उसने बताया कि इस तरह लोग आकर हाउसबोट गंदा कर जाते हैं।

भाषा–बोध

(क) 1. (क्रियाविशेषण) 2. (संबंधबोधक) 3. (क्रियाविशेषण)

(ख) 1. पहाड़ (पुल्लिंग) 2. नदी (स्त्रीलिंग) 3. झील (स्त्रीलिंग) 4. पेड़ (पुल्लिंग) 5. टहनी (स्त्रीलिंग) 6. बादाम (पुल्लिंग)

(ग) 1. कभी नहीं 2. आज, जल्दी 3. थोड़ा अधिक 4. अचानक

(घ) 1. **लंबी** सुरंग 2. **विशाल** बुलडोजर 3. **गहरी** झील 4. **ऊँचे** पर्वत 5. **खूबसूरत** वादी 6. **आरामदायक** हाउसबोट

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

8. चरित्र और संयम

(क) 1. कर्णधारहीन 2. विशेष 3. नम्र 4. नहीं जीता 5. फूल नहीं जाना

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✗

(ग) 1. ब 2. अ 3. ब 4. अ 5. ब 6. स

(घ) अति लघु : 1. चरित्र का निर्माण दूसरों के हाथों नहीं, अपने ही हाथों द्वारा होता है। बिना चरित्र के सारा ज्ञान केवल बुराइयों की जड़ है। 2. स्वच्छता, अंतर की पवित्रता का लक्षण रूप ही संयम है। हमारा शरीर महामंदिर है। हम उसमें बाहरी मैल न भरे, इस सोच को साधने वाला ही संयमी होता है। 3. गाँधी जी के अनुसार चरित्र और संयम के बिना मनुष्य का तमाम पठन–पाठन और अभ्यास निरर्थक है। बिना चरित्र और संयम के सारा ज्ञान केवल बुराई स्वरूप हो जाएगा। 4. विचार करने की कला ही सच्ची शिक्षा है। 5. सच्ची शिक्षा हाथ आ जाए तो दूसरी कलाएँ उसके पीछे सुंदर रीति से सज जाती हैं।

लघु उत्तरीय : 1. चरित्र निर्माण हेतु किया गया समस्त परिश्रम, पठन–पाठन और अभ्यास निरर्थक ही रहेगा। 2. मनुष्य एक दरवाजे से देखता है कि वह स्वयं कैसा है व दूसरे से उसे कैसा होना चाहिए, इसकी कल्पना कर सकता है। 3. इंद्रियों को निरंकुश छोड़ देने वाले का जीवन कर्णधारविहीन नख के समान होता है जो निश्चय ही पहली चट्टान से टकराकर चूर–चूर हो जाएगा।

दीर्घ उत्तरीय : 1. नम्रता व्यक्ति के चरित्र का एक विशेष गुण है। यह अभ्यास से प्राप्त नहीं होती, इसे स्वभाव में समाहित होना चाहिए। नम्रता का तात्पर्य मात्र इस बात से नहीं है जो किसी के सम्मानार्थ लिखाया–पढ़ाया गया पाठ मात्र है चाहे मन के भीतर तिरस्कार भरा हो। वास्तव में नम्र व्यक्ति तो यह जानता ही नहीं कि वह कब नम्र होता है। नम्रता दिखावे की नहीं अपितु चरित्र में घोले जाने वाला गुण है। 2. उत्तम चरित्र मनुष्य की ढाल है। चरित्र केवल नाम का ही भाव नहीं अपितु यह एक प्रकाशपुंज है जो उचित समय पर प्रकट होने में विलंब नहीं करता। चरित्र व्यक्ति को निर्भय व आत्मविश्वासी बनाता है, पलायनवादी नहीं जबकि बुद्धि तो मात्र लाभ–हानि का निर्णय विचार करती है। इतिहास साक्षी है कि चरित्रवानों के समक्ष राजा भी झुका करते थे जबकि बुद्धिमानों का वे मात्र सम्मान करते थे। चरित्र के बल पर लोग कठिन अवसरों का निर्भयतापूर्वक सामना करते हैं जबकि बुद्धि तो मात्र बचने व उठने का संदेश देती है। 3. यहाँ हृदय से शरीर के किसी अंग से नहीं अपितु उस भावपूर्ण विचार प्रक्रिया से है जो सदैव सकारात्मक सोच रखती है और सबके हित में अपना हित

सोचती है। वास्तव में सबके हित में हमारा स्वयं का भी भला निहित होता है तभी तो हृदयपूर्वक विचारने वाला व्यक्ति सर्वहित सोचते हुए समाज में सम्मान का पात्र बनता है।

भाषा-बोध :

(क) 1. बलवान 2. गुणवान 3. विद्यावान, विद्वान 4. धनवान

(ख) 1. दिन-रात 2. माता-पिता 3. पाप-पुण्य, 4. चाँद-सितारे 5. धरती-आकाश।

(ग) 1. धनहीन 2. बलहीन 3. विद्याहीन 4. कर्महीन 4. स्वादहीन 6. गंधहीन।

आओं सीखें : स्वयं कीजिए।

9. प्रयाण गीत

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. (स) 2. (स) 3. (अ)

(ग) अति लघु : 1. कठिन शूल बिछे ..... तो कल। 2. खून-पसीना बहाना होगा, काँटों से भरे मार्ग में भी राह बनानी होगी।

लघु उत्तरीय : 1. चिह्नित लक्ष्य की ओर दृढ़ निश्चय से निरंतर प्रयासरत रहना जब तक कि कार्य पूर्ण न हो जाए। 2. दृढ़ निश्चिय से प्रयासरत रहने पर लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी चाहे उसमें थोड़ी देर ही क्यों न हो। 3. आवश्यक है की दृढ़ता बनी रहनी चाहिए अर्थात् कार्य के प्रति लगन व उत्साह में कमी नहीं आनी चाहिए।

दीर्घ उत्तरीय : 1. देश अपने नागरिकों से अपेक्षा करता है कि वे परस्पर प्रेम से रहें। देश की उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। सभी रोग-द्वेष व वैमनस्य से परे रहकर नियमों का पालन करते हुए सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझें। सबको याद रखना चाहिए कि सबकी धरती और आकाश एक ही है। सभी एक परमात्मा की संतान हैं। अत: देश के सभी साधनों पर सबका समान अधिकार है। इसलिए ऊँच-नीच, छोटा-बड़ा ऐसा कोई भेद न रखें। सभी स्वयं में त्याग की भावना रखें। देशहित सर्वोपरि हो। 2. मनुष्य घोर संकट के युग से गुजर रहा है। सदियों तक देश विदेशी शक्तियों के अधीन रहा जिन्होंने न केवल देशवासियों के मानस को कुंठित किया अपितु देश का वैभव भी लूट ले गए। अब देशवासियों को पुन:-पुन: खून-पसीना बहाकर, निरंतर कठोर परिश्रम करके खोए हुए वैभव को प्राप्त करना होगा। प्राचीन वैभव के साथ नए युग का प्रतीक ही वह नया सवेरा होगा। इसकी महती आवश्यकता है क्योंकि खोए वैभव को प्राप्त करके सम्मान प्राप्त करने पर ही देश विश्व में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकेगा।

3. इसमें निहित संकल्प है कि लक्ष्य की प्राप्ति के प्रति सभी में उत्सर्ग होने का भाव अपेक्षित है। सभी को सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना रखकर देशहित पर न्योछावर होने के लिए तत्पर रहना होगा। इन सब साधनों से भला क्या मंजिल दूर रह सकती है। नहीं, यही तो लक्ष्य-प्राप्ति के स्पष्ट साधन हैं। साधन श्रेष्ठ हैं तो लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित है। भले ही थोड़ा विलंब हो जाए।

भाषा-बोध :

(क) 1. दुष्ट (दुष्टता) 2. सेवक (सेवा) 3. मित्र (मित्रता) 4. शिष्ट (शिष्टता) 5. कवि (कवित्व) 6. जागना (जागरण) 7. चलना (चाल) 8. युवक (यौवन) 9. राष्ट्र (राष्ट्रीयता) 10. रुकना (रुकावट) 11. देव (देवत्व) 12. बंधु (बंधुत्व)

(ख) 1. पग चूमना = लक्ष्य की प्राप्ति होना 2. कदम बढ़ाना = लक्ष्य की ओर बढ़ना 3. नया सवेरा = नई आशा, विषम परिस्थितियों से नवीन सुखद परिस्थितियों में पदार्पण; 4. शंख ध्येय का = लक्ष्य की पहचान 5. नूतन = नवीन, नया; 6. शूल= काँटा।

(ग) स्वयं कीजिए।

(घ)

1.	महान	महानतर	महानतम
2.	श्रेष्ठ	श्रेष्ठतर	श्रेष्ठतम
3.	लघु	लघुतर	लघुतम
4.	बद	बदतर	बदतरीन

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

10. कर्तव्य की पहचान

(क) 1. महान 2. मिथ्या 3. उपकार 4. शक्ति

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓

(ग) 1. (स) 2. (ब) 3. (स)

(घ) अति लघु : 1. जिस संयम के द्वारा ..... कहलाती है। 2. दूसरों की सहायता करने का अर्थ है, अपनी ही सहायता करना। इससे हमारे नैतिक बल में वृद्धि होती है। 3. कर्तव्यपालन की मधुरता प्रेम में ही है, और प्रेम का विश्वास केवल स्वतंत्रता

में होता है। 4. कुछ ऐसे नवरत्न होते हैं, जो केवल कार्य के लिए ही कार्य करते हैं। वे नाम, यश अथवा स्वर्ग की भी परवाह नहीं करते हैं, वे दूसरों की भलाई के लिए अग्रसर होते हैं।

लघु उत्तरीय : 1. दूसरों के प्रति कर्तव्य का अर्थ है उनके प्रति उदार बने रहना व अच्छे विचार रखना। 2. सदैव संसार का उपकार करने की चेष्टा से कर्म करना चाहिए। 3. सबके प्रति उपकार करना सर्वोच्च उद्देश्य होना चाहिए। 4. जो पूर्ण नैतिक है, वह संभवत: किसी प्राणी या व्यक्ति की हिंसा नहीं करेगा।

दीर्घ उत्तरीय : 1. यदि पाने वाला देने वाले से कह दे कि वह उसकी वस्तु ग्रहण नहीं करेगा, तब देने वाला अपने कार्य को संपन्न न कर सकेगा। जब देने वाला कुछ देना चाहता है तब यह भी आवश्यक है कि पाने वाला सहमति दे। इस प्रकार यदि पाने वाला अपनी सहमति देगा, तब वही धन्य होगा अन्यथा देने वाला वस्तु को देने के लिए फिरता रहे, जब कोई लेने वाला ही नहीं होगा, तब वह किसे देगा। इस प्रकार पाने वाला ही धन्य होता है। 2. मन को पूर्णतया वश में करने के लिए पूर्ण नैतिकता ही सब कुछ है। जिसका मन पूर्णरूपेण उसके नियंत्रण में है, वही पूर्ण नैतिक है और यही पूर्ण नैतिकता है। जो पूर्ण नैतिक है, उसे कुछ करना विशेष नहीं है, उसमें अन्य सद्‌गुण स्वमेव आ जाएँगे। जो पूर्ण नैतिक है, वह संभवत: किसी प्राणी या व्यक्ति की हिंसा नहीं करेगा। जिसमें पूर्ण अहिंसा का भाव है, उससे बढ़कर शक्तिशाली कोई नहीं है। उसकी उपस्थिति में न तो कोई लड़ सकता है और न झगड़ सकता है। उसकी उपस्थिति मात्र से शांति और प्रेम उद्‌भुत होता है। 3. छोटी-छोटी बातें व्यक्ति के पैरों में गुलामी की बेड़ियाँ डाले रहती हैं। उन्हीं की पूर्ति में तो वह अपने क्रियाकलापों को संपन्न करता है। फिर कैसी स्वतंत्रता? जिसकी आवश्यकताएँ कम हैं वह उतना ही स्वतंत्र है। अत: छोटी हों या बड़ी, आवश्यकताएँ ही मनुष्य को गुलाम बनाती हैं। 4. दूसरों के प्रति हमारे कर्तव्य का अर्थ दूसरों की सहायता करना है। अब प्रश्न उठता है कि हम संसार का भला क्यों करें? वास्तव में बात यह है कि देखने में तो हम संसार में ही रहते हैं। इसलिए हमें सदैव संसार का उपकार करने की चेष्टा करनी चाहिए और कार्य करने में यही हमारा सर्वोच्च उद्देश्य होना चाहिए।

भाषा-बोध :

(क) 1. प्रेम (संज्ञा) 2. स्वंतत्र (विशेषण) 3. मधुर (विशेषण) 4. कर्तव्य (संज्ञा) 5. स्वतंत्रता (संज्ञा) 6. मधुरता (विशेषण)

(ख) 1. मनुष्य (मनुष्यता) 2. संपन्न (संपन्नता) 3. मधुर (मधुरता) 4. सहिष्णु (सहिष्णुता) 5. स्वतंत्र (स्वतंत्रता) 6. महान (महानता)

(ग) स्वयं कीजिए।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

11. चंद्रशेखर आजाद

(क) 1. काशी 2. भीलों 3. पंजाब 4. 1925

(ख) 1. ✓ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✗

(ग) 1. (ब) 2. (ब) 3. (अ) 4. (अ)

(घ) अति लघु : 1. चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सुविख्यात क्रांतिकारी थे। 2. चंद्रशेखर को संस्कृत पढ़ने के लिए काशी भेजा गया। 3. जनरल डायर ने। 4. ब्रिटिश युवराज एडवर्ड

लघु उत्तरीय : 1. संगठन बनाने के लिए उन्हें धन की आवश्यकता थी इसलिए दल की ओर से .... लूट लिया गया। 2. आजाद एक सच्चे, निडर, साहसी क्रान्तिकारी थे उनके आतंक से ब्रिटिश भी डरते थे इसलिए उन्होंने पहले एक गोली मृत शरीर पर मारी कि वे सचमुच मर गए हैं। 3. जब आजाद के पास ..... नहीं पकड़े जाएँगे। 4. सच्चे देशभक्त बनने की प्रेरणा मिलती है और साथ ही दृढ़प्रतिज्ञा बनने की भी प्रेरणा मिलती है। देश-सेवा हेतु जीने-मरने की भी प्रेरणा मिलती है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. प्रथम घटना उस समय की है जब उनकी अवस्था दस-ग्यारह वर्ष थी और मजिस्ट्रेट ने उन्हें पंद्रह बेंत लगाने का आदेश दिया था। पंडित नेहरू ने इस संबंध में अपनी आत्मकथा में लिखा है - बेंत एक-एक कर उसकी पीठ पर पड़ते और उसकी चमड़ी उधेड़ डालते, पर वह हर बैंत के साथ चिल्लाता, ''महात्मा गाँधी की जय'' वह लड़का तब तक नारा लगाता रहा, जब तक बेहोश न हो गया। दूसरी घटना उस समय की है जब इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेज सिपाहियों से उनका सामना हुआ। जब उनके पास गोलियाँ खत्म हो गईं और मात्र एक गोली शेष रह गई, तो उससे उन्होंने स्वयं का प्राणांत कर लिया परंतु जीते जी अंग्रेजों की

पकड़ में न आ सके। 2. आजादी प्रत्येक प्राणी का जन्मसिद्ध अधिकार है। बलात् किसी की इच्छा के विरुद्ध उससे कार्य लेना उसकी स्वतंत्रता का हनन करना है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। एक स्वतंत्र परिंदे को भी जब उसकी इच्छा के विरुद्ध पकड़ा जाता है, तो वह छटपटाता है। किसी वन्य पशु को इस प्रकार पकड़कर कैद रखा जाता है तो उसकी छटपटाहट देखी जा सकती है। अनेक प्राणी तो परतंत्र होने पर प्राण ही त्याग देते हैं। परतंत्र होने पर मनुष्य की सारी विकास-प्रक्रियाएँ अवरूद्ध हो जाती हैं। इसलिए स्वतंत्रता तो सभी को प्रिय है। 3. बाहरी बलिष्ठता तो प्रत्यक्ष हार-जीत का कारण बन जाती है, परंतु भीतरी बलिष्ठता की प्रबलता जीवन भर हारने नहीं देती। यह दृढ़ निश्चय और प्रबल इच्छा शक्ति के रूप में पाई जाती है। इसी के बल पर मनुष्य असंभव कार्य को भी संभव बना देता है। अंग्रेज़ों द्वारा भारतीयों पर निर्मम अत्याचार होते रहे, परंतु भारतीयों की भीतरी बलिष्ठता ने कभी हार न मानी। क्रांतिकारी हँसते-हँसते फाँसी पर झूल गए और अंतिम अवस्था में भी उनके मुख से मातृभूमि की जयकार के नारे ही सुनाई दिए।

भाषा-बोध

(क) 1. आजाद (आजादी) 2. परतंत्र (परतंत्रता) 3. मनुष्य (मनुष्यता) 4. गुलाम (गुलामी) 5. वीर (वीरता) 6. घनिष्ठ (घनिष्ठता)

(ख) 1. वीर (विशेषण) 2. गुलाल (संज्ञा) 3. आजाद (विशेषण) 4. मनुष्य (संज्ञा) 5. जलियाँवाला बाग (संज्ञा) 6. संस्कृत (संज्ञा)

(ग) स्वयं कीजिए। **(घ)** स्वयं कीजिए।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

12. एकलव्य (एकांकी)

(क) 1. आशीर्वाद 2. उदास 3. अर्थसंकट में 4. एकलव्य **(ख)** 1. ✗ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✓

(ग) 1. (स) 2. (ब) 3. (अ) 4. (स)

(घ) अति लघु : 1. नारदमुनि ने एकलव्य से कहा अभ्यास ही गुरु है ..... ही देंगे। 2.श्रद्धा और भक्ति से शुरू द्रोण की मूर्ति को गुरू मानकर अभ्यास करने से वह धनुर्विद्या में निपुण हो गया। 3. क्योंकि कुत्ता एकलव्य पर भौंक रहा था। उसके अभ्यास मे विघ्न पड़ रहा था।

लघु उत्तरीय : 1. हिरण्य धनु अपने पुत्र हेतु धनुर्विद्या की शिक्षा के लिए चिंतित थे। 2. एकलव्य गुरु द्रोणाचार्य से धनुर्विद्या सीखना चाहता था। 3. गुरु द्रोण ब्राह्मण थे और वे लोग भील थे जिस कारण वे उनका स्पर्श भी न करेंगे। 4. शूद्र का बालक राजपुत्रों के साथ रहकर अस्त्र-शस्त्र चलाना नहीं सीख सकता।

दीर्घ उत्तरीय : 1. हे भगवान! तुमने मुझे शूद्र के घर क्यों पैदा किया? मेरे और उन राजपुत्रों के शरीर में क्या अंतर है? और फिर गुरूद्रोण जैसा ज्ञानवान भी भेदभाव रखे, तो मेरे जैसों की विद्या की प्यास किसके पास बुझेगी? हाय! अब क्या करूँ? पिताजी को मैं बहुत विश्वास दिलाकर आया था। मेरा निष्फल लौटना सुनकर वे बहुत निराश होंगे। 2. आप ही तो मेरे गुरु हैं। देखिए, आपकी मूर्ति बनाकर श्रद्धा और भक्ति से उसे ही प्रणाम कर मैं धनुर्विद्या का अभ्यास करता हूँ। जब मैं निराश होकर आपके पास से आ रहा था, तो देवर्षि नारद ने ही मुझे धनुर्विद्या का अभ्यास करने की यह विधि बताई थी, तबसे आपको ही गुरु मानकर मैं अभ्यास कर रहा हूँ।

भाषा-बोध

(क) 1. अस्त्र - वह हथियार जो फेंककर चलाया जाता है। 2. ऋषि - वेदमंत्रों का प्रकाश करने वाला। 3. शस्त्र - वह हथियार जो हाथ में थामकर चलाया जाता है। 4. देवर्षि - नारद।

(ख) 1. आशीर्वाद (आशीः + वाद) 2. देवर्षि (देव + ऋषि) 3. निष्फल (निः + फल) 4. धनुर्विद्या (धनुः + विद्या) **(ग)** स्वयं कीजिए।

(घ) 1. (ग) 2. (घ) 3. (ख)

(ङ) 1. वाला - रखवाला, घरवाला, दूधवाला

2. एरा - कमेरा, बसेरा, लुटेरा

3. आई - पढ़ाई, लिखाई, मिठाई

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

13. दोहा-दशक

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. (अ) 2. (ब) 3. (स)

(ग) अति लघु : स्वयं कीजिए।

लघु उत्तरीय : 1. इनमें कठोर प्रवृत्ति नहीं पाई जाती और इन्हें बार-बार मनाया जा सकता है। 2. सभी कुछ सोच-समझकर बोलना चाहिए जिससे किसी का

अहित न हो। 3. कबीर ने गुरू की तुलना कुम्हार से की है। 4. कबीर ने मनुष्य जन्म को दुर्लभ बताया है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. मन मूँडने से तात्पर्य है मन में छिपे विकारों को दूर करना। इन विकारों को दूर किए बिना मनुष्य जीवन की वास्तविकता को नहीं जान सकता। वह व्यर्थ की वासनाओं में घिरा प्राणियों को क्लेश पहुँचाता है। अत: मन का मूँडना केश मुंडाने से अधिक आवश्यक है। मन में उपजे विकारों को गुरू दूर करता है, सत्संगति दूर करती है और मन-मस्तिष्क में उच्च सात्विक विचारों की उपस्थिति उन्हें दूर कर सकती है।

2. कबीर ने चक्की की उपयोगिता बताते हुए कहा है कि पत्थर की चक्की का पीसा हुआ अन्न सभी लोग खाते हैं, अत: श्रद्धा तो उसमें होनी चाहिए, परंतु लोग पत्थर की मूर्ति अथवा पत्थर को भगवान समझकर व्यर्थ पूजते हैं। वे मानते हैं कि पत्थर पूजने से भगवान मिल जाएगा। यदि वास्तव में ऐसा है तो मैं छोटे पत्थर के स्थान पर बड़ा पहाड़ पूज लूँ। कबीर का मानना था कि यह संपूर्ण जगत ईश्वर का ही रूप है और मूर्ति-पूजा आडंबर है। लोग परस्पर द्वेष रखते हैं और पत्थर पूजते हैं। इससे परमात्मा को प्रसन्न नहीं किया जा सकता। इस दृष्टि से तो चक्की पत्थर की मूर्ति से अधिक उपयोगी है।

भाषा-बोध

(क) 1. **वृक्ष**-पेड़, तरू, विटप;

2. **अमृत**-सुधा, आतिय, सोम

(ख) 1. डार = डाल; 2. केसन = केश; 3. बाबरा = पागल, बावला; 4. मूरख = मूर्ख; 5. सरप = सर्प; 6. सबन = सब; 7. सिष = शिष्य; 8. पाथर = पत्थर; 9. पहार = पहाड़

(ग) 1. (द) 2. (ब) 3. (स)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

14. हमारी सभ्यता

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. (ब) 2. (अ) 3. (स)

(ग) अति लघु :1. संपूर्ण विषयों में परिपक्व ज्ञान रखते थे। 2. सभ्यता की प्रारंभिक दशा। 3. भारतवर्ष ने।

लघु उत्तरीय : 1. ज्ञान-शिक्षा, आचार की, व्यापार की, व्यवसाय की, विज्ञान की शिक्षा दान की। 2. जो ईश्वर हमारे लिए करता है वह दूसरों के लिए भी करता है हम सब एक ही ईश्वर की संतान है। यह हम हमेशा से जानते हैं, इसलिए दूसरों के सुख-दुख को समझने की प्रेरणा मिली। 3. तो संसार में ज्ञान-विज्ञान नहीं होता।

दीर्घ उत्तरीय : 1. भारतीय संस्कृति में कर्म की महत्ता है और कर्म को कर्तव्य की भाँति करने की शिक्षा दी जाती है न कि फल कामना के वशीभूत होकर। गीता में भी कहा गया है कि कर्म पर तेरा अधिकार है, फल पर नहीं। वास्तव में कर्म का परिणाम तो स्वयं उसमें निहित ही है। कर्म होगा तो परिणाम प्राप्त ही होगा। जिस रीति से कर्म किया जाएगा, उसी प्रकार उसका परिणाम मिलेगा। यही कारण है कि भारतवर्ष में परमार्थ को भी बहुत महत्त्व दिया गया है। जब परमार्थ किया जाता है तो उसका सुपरिणाम स्वयं को भी समुचित रूप से प्राप्त हो जाता है। 2. सर्वप्रथम संयम व नियमपूर्वक बल और विद्या प्राप्त करते थे। यह काल ब्रह्मचर्यआश्रम का था। गुरूकुल से ज्ञान प्राप्त कर युवक घर लौट आते थे और गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर गृहस्थ कार्य का निर्वहन करते थे। यह काल गृहस्थआश्रम का था। इसके पश्चात्, सभी सांसारिक बंधनों को त्यागकर वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश कर वन जप-तप करते। इसके पश्चात् आदर्श भावी पीढ़ी को सब कुछ सौंपकर संसार से मुक्ति प्राप्त कर लेते थे।

3. भारतीय संस्कृति में परमार्थ को बहुत महत्त्व दिया गया है। हम सदैव परोपकार में जीवन बिताने के आकांक्षी रहे हैं। यही मानवमात्र का कर्तव्य भी माना गया है। हम दूसरों के दुख को अपना दुख मानते और उसे दूर करने का यत्न करते थे। भला हम यह क्यों न करते जब हमें यह ज्ञान था कि हम सब एक ही ईश्वर की संतान हैं और हममें बंधुत्व का नाता है। सभी चाहे भिन्न-भिन्न रीति से कार्य करते हुए जीवन व्यतीत करते हों अंतत: तो सब की रचना एक ही तत्त्व, एक ही मिट्टी से हुई है। यही विचार तो मनुष्य को सब भेदभावों से परे रखता है।

भाषा-बोध :

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. नरोत्तम-नरों में जो उत्तम 2. पुरूषोत्तम-पुरुषों में जो उत्तम 3. मुनिवर-मुनियों में श्रेष्ठ

(ग) 1. **अप** - अपराध , अपमान; 2. **अधि** - अधिनायक, अधिकार; 3. **अध** - अधपका, अधखिला; 4. **स** - सहित, सरस;

(घ) 1. आई - चतुराई, कठिनाई; 2. कार - कलाकार, चर्मकार; 3. शाली - वैभवशाली, बलशाली; 4. ईय – ईश्वरीय, भारतीय

आओं सीखें : स्वयं कीजिए।

15. आरोग्य की कुंजी

(क) 1. मूर्खता 2. असंयम 3. सशक्त

(ख) 1. ✓ 2. ✗ 3. ✓

(ग) 1. (ब) 2. (स) 3. (ब)

(घ) अति लघु : 1. उचित आहार-विहार से शारीरिक नीरोगता प्राप्त की जानी चाहिए। 2. असंयम से शरीर रोगी बन जाता है। 3. संयम शरीर को न केवल स्वास्थ्य देता है, अपितु मन को भी स्वस्थ रखकर व्यक्ति को नीरोगी व दीर्घायु बनाता है।

लघु उत्तरीय : 1. कीमती चीजों की पौष्टिकता भी उन्हें ग्रहण करने वाले के उचित आहार-विहार पर निर्भर करती है। 2. फूलों की सेज पर सोने ..... स्वादिष्ट लगे। 3. हकीम ..... उत्पन्न करती है।

दीर्घ उत्तरीय : 1. असंयम और उससे उपजी बुरी आदतें ही वास्तव में विकृतियाँ हैं। यदि दृढ़तापूर्वक इन पर नियंत्रण न करके उचित आहार-विहार का निर्धारण कर उस पर आरूढ़ रहा जा सके, तब ही ये विकृतियाँ दूर हो सकेंगी। ऐसा होने पर रूणता की जड़े आप सूखती चली जाएँगी और बिना चिकित्सा उपचार के नीरोगी रहा जा सकेगा। 2. हकीम लुकमान कहते थे कि मनुष्य समय से पहले मरने और गड्ने के लिए अपनी कब्र अपनी जीभ से खुद खोदता है। इसका तात्पर्य यह था कि चटोरेपन के वशीकृत जिह्वा अनुपयोगी पदार्थों को अनावश्यक मात्रा में उदरस्थ करती है और जीवन मरण का संकट उत्पन्न करती है। 3. आहार-विहार की रीति-नीति को सही बनाने वाला हर व्यक्ति सुदृढ़ स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन प्राप्त कर सकता है। ऐसे असंख्य उदाहरण सर्वत्र मिलते हैं जिनमें नियमित और व्यवस्थित जीवनचर्या अपनाने वालों ने स्वास्थ्य संवर्धन में सफलता पाई और कायाकल्प जैसा उदाहरण प्रस्तुत किया। गाँधीजी जिन दिनों दक्षिण अफ्रीका में थे, उन दिनों उनका पेट बुरी तरह खराब रहता था। कब्ज निवारण के लिए एनिमा का सहारा लेना पड़ता था। लगता था वे बहुत दिन न जी सकेंगे। स्थिति को बदलने के लिए उन्होंने दृढ़तापूर्वक स्वास्थ्य के नियम अपनाए। प्राकृतिक जीवनचर्या की राह अपनाई और लंबा जीवन जिया।

भाषा-बोध

(क) 1. निरोग = निः + रोग 2. निर्बल = निः + बल 3. निराशा = निः + आशा 4. निर्भय = निः + भय

(ख) 1. भूखा (आ) 2. देवत्व (त्व) 3. मिठास (आस) 4. ममेरा (एरा)

(ग) 1. कुमार्ग (कु) 2. अपमान (अप) 3. कमजोर (कम) 4. अधिकार (अधि) 5. सुपात्र (सु) 6. अवगुण (अव)

(घ) 1. (ब) 2. (द) 3. (द) 4. (अ)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

16. पर्यावरण-प्रदूषण के खतरे

(क) 1. विश्वव्यापी 2. कार्बन डाइऑक्साइड/ ऑक्सीजन 3. ऑक्सीजन 4. इसी

(ख) 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✓

(ग) 1. (ब) 2. (अ) 3. (ब) 4. (स)

(घ) अतिलघु उत्तरीय : 1. पर्यावरण को हानिकारक तत्त्वों द्वारा प्रदूषित करना पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है। 2. आज हम सभी ..... चिंतित है। 3. इससे मनुष्य का तनाव बढ़ता है, श्रवणशक्ति कम हो जाती है, हृदय की धड़कने तेज हो जाती हैं और कभी-कभी हृदयगति रूक जाने से लोगों की मृत्यु तक हो जाती है।

लघुत्तरीय: 1. हवा और पानी के कारण (प्रकृति संतुलन के कारण) 2. भूमि, जल, वायु और ध्वनि संबंधी प्रदूषण 3. मनुष्य को

दीर्घ उत्तरीय : 1. अनेक प्रकार के हानिकारक घुलनशील तत्त्व घरों और कारखानों द्वारा नाले-नालियों के मार्ग से नदियों में बहा दिए जाते हैं। इससे जल में अनावश्यक तत्त्व घुल जाने से उसके यौगिकों का अनुपात बिगड़ जाता है और वह प्रदूषित हो जाता है। ये अनावश्यक तत्त्व जहरीले रसायन के रूप में होते हैं जो जल प्रयोग द्वारा त्वचा के स्पर्श और शरीर के भीतर जाकर पेट संबंधी गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। इनसे मनुष्य,

पशु-पक्षी सभी दुष्प्रभावित होते हैं। जलीय जीव तो नष्ट ही हो जाते हैं। मछलियों की कई प्रजातियाँ इसके दुष्प्रभाव से नष्ट हो चुकी हैं। मनुष्यों को जल-प्रदूषण के कारण असाध्य बीमारियों का शिकार होना पड़ रहा है। 2. आजकल नगर धुएँ के केन्द्र बन गए हैं। चाहे वाहन हों या कारखाने, सभी में ऊर्जा की खपत चाहिए। कोयला व पेट्रोलियम के जलने से ऊर्जा उत्पन्न होती है परंतु जहरीला धुआँ बड़ी मात्रा में निकलता है जो वातावरण की हवा में घुलकर उसे विषैला बना देता है जो साँस के माध्यम से शरीर में जाकर श्वास संबंधी विभिन्न बीमारियों का स्रोत बनता है। प्रदूषण के द्वारा वायुमंडल में फ्लोरा कार्बन नामक गैस की मात्रा बढ़ गई है। इसके कारण ओजोन की मात्रा कम होती जा रही है। यदि ओजोन मंडल की परत पतली हो गई तो सूर्य से आ रही पराबैंगनी किरणों से भूतलवासियों का बच पाना असंभव होगा। 3. प्रदूषण रोकने में पेड़-पौधों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। ये प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के द्वारा कार्बन डाईऑक्साइड को ऑक्सीजन में परिवर्तित कर देते हैं। इससे वायुमंडल में ऑक्सीजन की निरंतर पूर्ति होने से प्रदूषण रोकने में सहायता मिलती है। अत: पेड़-पौधे अधिकाधिक होने चाहिएँ। साथ ही हमें चाहिए कि गंदगी न फैलाएँ और फैली हुई गंदगी को साफ रखें। आस-पास की नालियाँ साफ रखें, कूड़ा-कचरा खुले में न फेंके, खुले में मल-मूत्र विसर्जन न करें। प्रदूषण कम करने वाले परंपरागत ईंधनों का उपयोग कम करके सूर्य, हवा व पानी से शक्ति उत्पन्न कर कल-कारखानों और वाहनों को चलाएँ। प्रयास करें कि प्रकृति का भंडार भरा रहे। आबादी और गंदगी को नियंत्रित करें और जहरीले पदार्थों का उपयोग यदि बंद न करें तो कम अवश्य कर दें।

पर्यावरण-संरक्षण भारतीय संस्कृति से भी जुड़ा हुआ है। यहाँ पेड़ लगाना सदा से पुण्य कार्य माना गया है। पीपल, बरगद, आम, नीम, बेल, जामुन, आँवला, पाकड़ जैसे उपयोगी वृक्षों को लगाना धार्मिक फल माना जाता है। आज भी पानी के स्रोतों, देवालयों और मार्गों के निर्भर पेड़ लगाने और पेड़ों को न काटने की प्रथा समाज में व्याप्त है। पेयजल स्रोतों के निकट या तटों पर मल-मूत्र त्याग पाप कर्म माना गया है। इन संस्कारों को मानते हुए हम स्वभावत: पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं।

भाषा-बोध

(क) 1. कीटाणु = कीट + अणु 2. कदापि = कदा + अपि 3. पर्यावरण = परि + आवरण 4. जीवनाधार = जीवन + आधार

(ख) स्वयं कीजिए। **(ग)** 1. (अ) 2. (अ)

(घ) 1. (ब) 2. (अ) 3. (स)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

17. पूर्वी सीमांत असम

(क) 1. बोलियाँ 2. नारी 3. बिहू 4. माकाम

(ख) 1. ✓ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓

(ग) 1. (ब) 2. (स) 3. (ब) 4. (स)

(घ) अति लघु : 1. गुवाहाटी असम का प्रवेश द्वार है। 2. हेम चंदु गोस्वामी, लक्ष्मीनाथ बैज बरूआ, चंद्रकुमार अग्रवाल। 3. ऐतिहासिक युग में इस प्रदेश की चर्चा गुप्त सम्राटों के समय में आती है। 4. यहाँ के लोगों का मुख्य भोजन दाल-भात और मछली है।

लघु उत्तरीय : 1. वनों में साल ..... लुभाने वाला है। यहाँ कई ऐसे ..... सुंदर पशु-विहार है। 2. ह्वेनसांग ने इस प्रदेश के बारे में ..... रहती हैं। 3. असमिया साहित्य का उदय तेरहवीं सदी में हेम सरस्वती के प्रह्लाद चरित्र से माना जाता है। 4. पुरुष धोती पहनते हैं और सर्दियों में कंधों पर चादर डाल लेते हैं। स्त्रियों का पहनावा भी बहुत सुंदर है -मेखला, छाती ढ़कने वाली चादर और शाल, इसका लाला बूटेदार किनारा और मूंगा रेशम और कपास के सभी घरेलू वस्त्र ये स्वयं कर करघों से बुनती है। काम करते समय ये पेटीकोट और लंबी बाहों वाली शमीज पहनती हैं।

दीर्घ उत्तरीय : 1. प्रत्येक नाम का कोई-न-कोई अर्थ होता है। असम नाम बहुत नया है। बर्मा की ओर से आने वाली 'अहोम' जाति ने इस प्रदेश पर छह सौ वर्षों तक शासन किया था। उसी अहोम शब्द से यह 'असम' बना है। यहाँ के निवासी इसका उच्चारण 'अहोम' ही करते हैं।

2. 'बिहू' असम की संस्कृति का प्रतीक है। बिहू उत्सव तीन तरह के होते हैं-'काते बिहू या कंगाली बिहू' 'माघ बिहू' या 'भोगाली बिहू' और चटर बिहू या रंगाली बिहू। 'रंगाली बिहु' इन तीनों में प्रमुख है। यह बसंत के अवसर पर मनाया जाता है। यह पुराने

वर्ष को विदा करके नए वर्ष का स्वागत करता है। इसके तीन भाग हैं-'गौ सेवा', 'आमोद-प्रमोद' और 'ईश्वर सेवा'। शेष भारत की तरह असम भी कृषि प्रधान है। इसलिए गाय-बैलों की सेवा करना स्वाभाविक है। गौ सेवा के पर्व का नाम है 'गुरु बिहू'। नववर्ष के पहले दिन 'मानुहर बिहु' होता है। इसमें सब छोटे अपने बड़ों को नमस्कार करते हैं और मंदिर में एकत्र होकर कीर्तन करते हैं। 3. गाँधी युग में तरुण राम फूकन नवीनचंद्र बरदलोई, गोपीनाथ बरद लोई आदि नेताओं का योगदान बहुत ही महत्त्वपूर्ण रहा। 1942 ई० के 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में भी यह प्रदेश, पीछे नहीं रहा। पुरुषों के साथ-साथ कनकलता जैसे युवतियाँ भी अपने प्राणों की बलि देने से नहीं चूकीं।

भाषा-बोध :

(क) 1. असम (व्यक्तिवाचक संज्ञा) 2. सुख (भाववाचक संज्ञा) 3. लकड़ी (पदार्थवाचक संज्ञा) 4. धर्म (भाववाचक संज्ञा) 5. फल (जातिवाचक संज्ञा) 6. कालिदास (व्यक्तिवाचक संज्ञा)

(ख) 1. दुर्गम **घाटियाँ** 2. चौड़ी **सड़कें** 3. गहरी **खाइयाँ** 4. अनेक **जातियाँ** 5. ऊँचा **पेड़** 6. लुटेरी **जातियाँ**

(ग) 1. घाटी (संज्ञा) 2. भयंकर (विशेषण) 3. नाचना (क्रिया) 4. बुनना (क्रिया) 5. धोती (संज्ञा) 6. पवित्र (विशेषण)

(घ) 1. तेल (पुल्लिंग) 2. लकड़ी (स्त्रीलिंग) 3. मंदिर (पुल्लिंग) 4. नदी (स्त्रीलिंग) 5. मैदान (पुल्लिंग) 6. पशु (पुल्लिंग)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

18. रामचरितमानस (उत्तरकांड)

(क) स्वयं कीजिए।

(ख) 1. (ब) 2. (अ) 3. (ब)

(ग) अति लघु : 1. अधमाई से तात्पर्य नीचता है यह दुष्टों में प्रकट होती है। 2. दूसरों का भला करने की, प्रभु भक्ति की। 3. दुष्ट खुश होते हैं।

लघु उत्तरीय : 1. वे दीनों पर दया करते हैं तथा मन वचन और धर्म से निष्कपट प्रभु भक्ति करते हैं।

2. वे काम, क्रोध, मद और लोभ के परागण तथा निर्दयी, कपटी, जटिल और पापों के घर होते हैं। 3. तुलसी ने कहा है, ''पराहित सरिस धर्म नहिं भाई।''

दीर्घ उत्तरीय : 1. दुष्टों के विषय में तुलसीदास जी ने अनेक बातें कहीं हैं, परंतु यह चौपाई उनके विषय में प्रमुखता से वर्णन करती है-

झूठइ लेना झूठइ देना। झूठइ भोजन झूठ चबेना।।
बोलहिं मधुर बचन जिमि मोरा। खाई महा अहि हृदय कठोरा।।

उनका झूठा ही लेना और झूठा ही देना होता है। झूठा ही भोजन और झूठा ही चलना होता है। अर्थात् वे लेने-देने के व्यवहार में झूठ का आश्रय लेकर दूसरों का हक मार लेते हैं अथवा झूठी डींग हाँका करते हैं कि हमने लाखों रूपए ले लिए और करोड़ों का दान कर दिया। इसी प्रकार अति सामान्य भोजन खाते हैं और बताते हैं कि उन्हें बढ़िया सुस्वाद् भोजन से वैराग्य है, इत्यादि। तात्पर्य यह है कि उनका संपूर्ण व्यवहार असत्य पर आधारित होता है। जैसे मोर बहुत मीठा बोलता है परंतु उसका हृदय कठोर होता है क्योंकि वह विषैले सर्पों को भी खा जाता है, वैसे ही दुष्ट जन भी ऊपर से मीठे वचन बोलते हैं परंतु हृदय के अत्यंत निर्दयी होते हैं।

2. दुष्टों के विषय में वर्णन किया गया है-

काम क्रोध मद लोभ परामन। निर्दय कपटी कुटिक मलामन।।
बयरू अकारन सब काहू सों। जो कर हित अनहित ताहू सों।।

अर्थात् वे काम, क्रोध, रूप और लोभ के परागण तथा निर्दयी, कपटी, कुटील और पापों के घर होते हैं। वे बिना ही कारण सब किसी से बैर किया करते हैं। जो भलाई करता है, उसके साथ भी बुराई करते हैं।

खलन्ह हृदय अति ताप बिसेषी। जराहिं सदा पर संपति देखी।।
जहँ कहुँ निंदा सुनहि पराई। हरषहिं मनहुँ परी निधि पाई।।

अर्थात् दुष्टों के हृदय में बहुत अधिक संताप रहता है। वे पराई संपत्ति (सुख) देखकर सदा जलते रहते हैं। वे जहाँ कहीं दूसरे की निंदा सुन पाते हैं, वहाँ ऐसे हर्षित होते हैं, मानो रास्ते में पड़ी निधि (खजाना) पा ली हो।

भाषा-बोध

(क) 1. अधमाई = नीचता 2. मलायन = पापों का

घर 3. सकल = समस्त 4. परुष = कठोर 5. उर = हृदय 6. खल = दुष्ट 7. द्विज = ब्राह्मण 8. मंदमति = मंदबुद्धि

(ख) स्वयं कीजिए।

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

19. महाभारत

(क) 1. पांडवों 2. श्रीकृष्ण 3. युद्ध

(ख) 1. ✓ 2. ✗ 3. ✓ 4. ✗

(ग) 1. (ब) 2. (स) 3. (अ)

(घ) अतिलघु उत्तरीय: 1. सत्य और धर्म के पथ पर दृढ़तापूर्वक बने रहने पर युधिष्ठिर की विजय संभव हो सकी। 2. परीक्षित। 3. जाँघ पर। 4. पितामह भीष्म। 5. एक सरोवर में। 6. एक व्याध ने।

लघु उत्तरीय : 1. अज्ञातवास के बाद ..... सभा हुई। 2. श्रीकृष्ण हस्तिनापुर गए ..... न दूँगा। 3. एक व्याध ..... घड़ियाँ गिनने लगा। 4. क्योंकि युधिष्टिर ..... पालन किया था।

दीर्घ उत्तरीय : 1. भारतीय समाज को चार वर्णों में बाँटा गया है। जिसमें एक वर्ण का नाम है- क्षत्रिय। श्रत्रिय वर्ण को देश व समाज की रक्षा का दायित्व सौंपा गया था जो राजा के रूप में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते थे। समाज में जब-जब अधर्म अपने पैर पसारता था तो राजा का यह कर्त्तव्य होता था कि अधर्मी लोगों से धर्म की रक्षा करें। कौरव और पांडवों के मध्य होने वाला युद्ध भी धर्म युद्ध ही था। युद्ध से विमुख होते अर्जुन को भगवान ने उपदेश दिया जिसका सार था कि अर्जुन क्षत्रिय है और क्षत्रिय धर्म की रक्षा के लिए है। इस प्रकार अधर्मियों के हाथों धर्म का नाश होने पर वह युद्ध से विमुख नहीं हो सकता। उसे युद्ध करना होगा क्योंकि क्षत्रिय का परम कर्तव्य है कि वह धर्म की रक्षा के लिए युद्ध करे। 2. जहाँ धर्म होता है, वहीं जय होती है। कहा भी गया है—यतो धर्म: ततो जय:। जब धर्म और अधर्म के मध्य युद्ध होता है तो दैव सदैव धर्म की ओर रहता है। सत्य और धर्म ईश्वरीय गुण हैं। भला इनके त्यागने पर अधर्मी बने लोग क्या अधर्म की स्थापना कर पाएँगे। जो सत्य और धर्म के विमुख हैं, उसे देवताओं का आश्रय नहीं मिलता। अधर्मी मानवीय मूल्यों का संहार करने को तत्पर रहते हैं परंतु अंतत: जीत धर्म की ही होती है। जो जीवन में धर्म और सत्य का आश्रय करता है, ईश्वर उसके साथ रहते हैं क्योंकि ये ईश्वरीय गुण माने गए हैं।

भाषा-बोध :

(क) मच्छर, तोता, चीता, बाज, उल्लू।

(ख) 1. कक्ष (विशेष्य) 2. मलिन (विशेषण) 3. लंबे (विशेषण) 4. लोग (विशेष्य) 5. नकली (विशेषण) 6. निठल्ला (विशेषण) 7. छाया (विशेष्य) 8. विचित्र (विशेषण)

आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

20. शाश्वत संस्कृति

(क) 1. भारतीय संस्कृति 2. पहली 3. परीक्षा के लिए 4. भारत 5. आगरा **(ख)** 1. ✗ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓ 5. ✓ **(ग)** 1. ब 2. अ 3. स 4. ब

(घ) अति लघु : 1. अंग्रेज (कर्नल) 2. रानीखेत में 3. माली और खानसामा 4. माली को सताने का

लघु उत्तरीय : 1. रानी खेत के झरनों मे गंधक बताया जाता है। 2. पेट के समस्त रोग गरम जल से ठीक हो जाते हैं। 3. प्रकृति से प्रेम और गंधक के झरनों के कारण। 4. 'तुम क्या हो बताया।' 5. तुम्हारे पास क्या है। 6. माली ने कहा जो हुजूर की मर्जी। 7. माली मानापमान से सर्वथा परे था जिस कारण साहब के अंहकार को ठेस पहुँचती थी।

दीर्घ उत्तरीय : 1. 'एक कंबल, फटी हुई दो धोतियाँ ..... पढ़ी जा रही रामायण सुनता। 2. उस झुर्री पड़े ..... कभी नहीं देखा।" 3. साहब ने उस पर जुर्माना लगाया, उसका कंबल छीन लिया। एकादशी के व्रत पर उससे घास छिलवाई, उस पर चोरी का आरोप लगाया और पूरा काम करने पर भी उसे मंदिर नहीं जाने दिया। 4. इस सबके पीछे साहब का अहंकार था, जो माली को नीचा दिखाना चाहता था। 5. माली राम जन्म की आरती में जाना चाहता था किन्तु साहब ने उसे जाने नहीं दिया।

भाषा-बोध

(क) 1. कोई- अनिश्चयवाचक सर्वनाम 2. ये-निश्चयवाचक सर्वनाम 3. कुछ-अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. कुछ-अनिश्चयवाचक सर्वनाम 5. स्वयं-निजवाचक सर्वनाम

(ख) 1. सकर्मक 2. अकर्मक 3. सकर्मक 4. अकर्मक 5. सकर्मक 6. अकर्मक

(ग) 1. खिलाना,खिलवाना 2. दिलाना, दिलवाना

3. धुलाना, धुलवाना 4. पढ़ाना, पढ़वाना
5. लिखाना, लिखवाना 6. घुमाना, घुमवाना
(घ) 1. थपथपाना 2. टनटनाना 3. बड़बड़ाना 4. थरथराना 5. खटखटाना 6. घरघराना
(ड़) 1. सामान्य भविष्यत् काल 2. संम्भाव्य भविष्यत् काल 3. सामान्य वर्तमान काल 4. अपूर्ण वर्तमान काल 5. सम्भाव्य भविष्यत् काल
आओ सीखें : स्वयं कीजिए।

21. स्वराज्य की नींव

(क) 1. झाँसी 2. महान 3. महारानी 4. अविश्वास
(ख) 1. ब 2. अ 3. ब 4. स 5. अ
(ग) अति लघु : 1. लक्ष्मीबाई निराश होकर स्वयं को अकेला कहती है। 2. जूही कहती है कि आप तो गीता पढ़ती हैं फिर यह निराशा कैसी? 3. जूही महारानी को अपना स्वामी मानती है और उनसे भी बढ़कर अपने देश को अपना स्वामी मानती है। 4. कि शत्रुओं के आक्रमण रूपी संकट के बादल छाए हुऐ हैं।
लघु उत्तरीय : 1. रावसाहब! बाँदा के नवाब व सेनापति तात्या को। 2. प्रतिज्ञा की थी कि वह झाँसी नहीं देगी। 3. जनरल रोज की सेना ने मुरार में हरा दिया 4. कि कहीं हमारी वीरता कलंकित न हो जाए।
दीर्घ उत्तरीय : 1. इसलिए रखा गया है क्योंकि इसमें रानी लक्ष्मीबाई की वीरता का प्रसंग है और उन्होनें ही पहली बार 'स्वराज्य' हेतु आवाज बुलंद की थी। इस प्रकार वही स्वराज्य की नींव हैं। 2. यह कथन तात्या ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रशंसा में कहा जो उनके व्यक्तित्व के पूर्णतया अनुकूल है। रानी की वीरता की प्रशंसा में यह उक्ति सटीक है।
3. रानी लक्ष्मीबाई स्वदेशप्रमी वीरांगना थी। वे अत्यंत बुद्धिमान, प्रजा प्रेमी व अपने साथियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत थी। देश की रक्षा व स्वाभिमान के लिए वह हर पल प्राणों की बाजी लगाने को भी तत्पर रहती थीं।

भाषा-बोध

(क) 1. तीव्रता 2. निराशा 3. ऊँचाई 4. उत्साह 5. विलासिता 6. लज्जा 7. मदहोशी 8. चौड़ाई 9. सेवक **(ख)** पुल्लिंग: (1, 2, 4, 6, 8) स्त्रीलिंग: (3, 5, 7, 9) **(ग)** 1. ब 2. अ 3. स 4. ब 5. अ
(घ) 1. क्या बिना परिश्रम के भी सफल हुआ जा सकता है? 2. क्या गीता पढ़ने से निराशा नहीं होती? 3. हमें नींव का पत्थर बनने से कौन रोकेगा? 4. क्या तुम यह कार्य कर सकते हो?
(ङ) 1. चाचाजी गाँव चले गए होगें। 2. बाजार खुलता है। 3. दादी जी ने रामचरितमानस की चौपाईयाँ सुनी। 4. रेलगाड़ी जा चुकी होगी।
(च) 1. विधानवाचक 2. संयुक्त वाक्य 3. मिश्र वाक्य 4. सरल वाक्य 5. संयुक्त वाक्य 6. मिश्र वाक्य
आओ सीखें : स्वयं कीजिए।